कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 381, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 16 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**2 लाख पंचायतों में क्रेडिट सोसाइटी भी बनाई जाएगी, वाइब्रेंट विलेज प्रोगाम को भी कैबिनेट की मंजूरी**

## आईटीबीपी की 7 नई बटालियन बनेगी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को अगले 5 सालों में 2 लाख अनकवर्ड पंचायतों में प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटी बनाने की मंजूरी दी है। इसके अलावा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के लिए सात नई बटालियनों के गठन और 800 करोड़ रुपए के फाइनेंशियल अलॉकेशन के साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को भी मंजूरी मिली है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

**वाइब्रेंट विलेज प्रोगाम को मंजूरी:** मोदी सरकार ने देश की सीमाओं को मजबूत करने के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को मंजूरी दी है। इसके तहत देश की उत्तरी सीमाओं पर बसे गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जाएगा। इसके लिए 4800 करोड़ रुपए अलॉकेट किए गए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के कुल 19 ज़िलों के 2966 गावों में सड़क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा।

**एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटी बनेगी:** कैबिनेट देश में सहकारिता आंदोलन की जमीनी स्तर तक पहुंच को मजबूत करने के लिए क्रेडिट सोसाइटीज की स्थापना को मंजूरी दे दी है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि 2 लाख पंचायत में नए पैक्स के गठन का फैसला लिया गया है। इसके लिए 5 साल का लक्ष्य रखा गया है। 25 अलग-अलग सुविधाओं को इसमें शामिल किया गया है। डेयरी स्टोरेज क्रेडिट सोसाइटी आदि के काम को इसमें शामिल किया गया है।




**सिंकुलना टनल और 7 नई बटालियन:** सिंकुलना टनल के निर्माण को भी मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इससे लद्दाख के लिए ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इसकी लंबाई 4.8 किलोमीटर होगी और 1600 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे सैन्य बलों की जमीनी मूवमेंट बढ़ेगी। वहीं आईटीबीपी के चीन सीमा की निगरानी के लिए सात नई बटालियन बनाएगा। इसके साथ ही एक ऑपरेशनल बेस बनाया जाएगा जिसमें कि 9 हजार 400 जवान और तैनात होंगे।

### आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सार्वजनिक खर्च पर जोर दे रही सरकार: सीतारमण

**नई दिल्ली। केंद्र** सरकार का प्रयास पिछले कुछ साल से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने का रहा है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय 33 फीसदी बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में यह बात कही। वित्त मंत्री सीतारमण ने पीएचडीसीसीआई सदस्यों के साथ बजट बाद यहां आयाजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय को



33 फीसदी बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल से सरकार आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक व्यय में वृद्धि पर जोर रही है। पिछले तीन-चार साल से सार्वजनिक पूंजी व्यय पर खर्च को हमने इस बजट में जारी रखा है। ऐसे में यह साफतौर पर कहा जा सकता है कि इस बार के केंद्रीय बजट में पूंजी व्यय पर भी जोर है। वित्त मंत्री ने पीएचडीसीसीआई के बजट बाद इंटरएक्टिव सत्र के संबोधन में पेट्रोलियम उत्पादों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने के सवाल पर कहा कि यदि राज्यों के बीच इस मसले पर सहमति हो, तो इस पर कदम उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्यों को बिजली समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों को बढ़ावा देने और एक देश, एक राशन कार्ड को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष साकेत डालमिया भी उपस्थित थे।

## झारखंड में महाशिवरात्रि के तोरण द्वार पर बवाल

**पलामू में 2 पक्षों में पत्थरबाजी, दुकानें फूंकी; धारा 144 लगाई, इंटरनेट बंद**

**पलामू**
महाशिवरात्रि को लेकर पलामू के पांकी बाजार में लगे एक तोरण द्वार को लेकर विवाद हो गया। इस तोरण द्वार को लेकर 2 पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई। मस्जिद से पत्थर फेंके गए, जिसके बाद दूसरे पक्ष ने मस्जिद पर पत्थर चलाए। कई दुकानों में तोड़फोड़ की गई। इस पत्थरबाजी में पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की खबर है। पांकी में धारा 144 लगा दी गई है। पलामू के पांकी बाजार इलाके में



इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।
**बाजार की सड़कों पर बिखरे हैं पत्थर:** पांकी बाजार पूरी तरह बंद है। सड़क पर पत्थर बिखरे पड़े हैं, एक पक्ष के लोगों का कहना है कि तोरण द्वार लगाने के बाद दूसरे पक्ष ने उसे जबरन कबाड़ कर फेंक दिया गया।

### हेट स्पीच रोकने के लिए याचिका दाखिल

**नई दिल्ली:** हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दायर की गई है। हिन्दू ट्रस्ट फॉर जस्टिस ने याचिका दायर कर हेट स्पीच रोकने के लिए कारगर कदम उठाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि ऐसे बयान देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ता के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा है कि हाल में कई ऐसे मौके भी सामने आए हैं, जब स्टैंडअप कॉमेडियनों ने जानबूझकर भगवान राम और माता सीता का मजाक बनाते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है। इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं।

## आजम के बेटे अब्दुल्ला की विधायकी रद्द



**लखनऊ:** सपा नेता आजम खान के बाद अब उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की भी विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। बुधवार को यूपी विधानसभा सचिवालय ने अब्दुल्ला आजम की स्वार सीट को रिक्त घोषित कर दिया। मुरादाबाद की एमएपी/एमएलए कोर्ट ने सोमवार को 15 साल पुराने मामले में सपा महासचिव आजम खान और उनके विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम को 2-2 साल की सजा सुनाई थी।

दोनों पर 2-2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अब 6 महीने के अंदर स्वार सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा। दरअसल, 2 जनवरी, 2008 को पूर्व मंत्री और रामपुर के पूर्व विधायक आजम खान अपने परिवार के साथ मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। छजलैट थाने के सामने वाहन चेकिंग के दौरान आजम खान की गाड़ी पुलिस ने रुकवा ली थी। इसके विरोध में आजम और उनके बेटे स्वार-टांडा विधानसभा सीट से विधायक अब्दुल्ला सड़क पर धरने पर बैठ गए थे। आरोप है कि सड़क जाम करते हुए बवाल किया गया था और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की थी।

**तीन साल में दो बार गई विधायकी:** अब्दुल्ला आजम को 3 साल में अपनी विधायकी से दो बार हाथ धोना पड़ा है। 3 साल पहले भी उम्र के फर्जी प्रमाणपत्र मामले में हाईकोर्ट में अब्दुल्ला की विधायकी को रद्द कर दिया था।

मुरादाबाद की एमएपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सोमवार को शाम करीब 5 बजे दोषी ठहराया था। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था। फिर सजा के सवाल पर सुनवाई हुई थी।

## अखिलेश-ओवैसी के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज



**वाराणसी:** ज्ञानवापी-शृंगार गौरी प्रकरण में हेट स्पीच को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका को न्यायालय ने बुधवार को खारिज कर दिया। एसीजेएम पंचम (एमपी-एमएलए कोर्ट) उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत के फैसले से सपा प्रमुख और ओवैसी को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने पिछली तिथि पर बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अखिलेश यादव का कथित बयान और ओवैसी बंधु के बयान के संबंध में राज्य और उसकी एजेंसी का प्राथमिक उतरदायित्व है। बयान से राज्य और उसकी एजेंसी को कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति या हिंसा की स्थिति भी उत्पन्न नहीं प्रतीत नहीं होती है। इन परिस्तिथियों में कोई संज्ञेय अपराध नहीं पाया जाता, इसलिए अर्जी खारिज कर दी गई। बताते चलें कि अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने याचिका अपने अधिवक्ताओं के जरिये दाखिल की थी। आरोप लगाया कि नमाजियों की ओर से वजूखाने में हाथ-पैर धोए जाते हैं और गंदगी फैलाई जाती है, जबकि वह हमारे आराध्य भगवान शिव का स्थान है। ज्ञानवापी के सर्वे में मिले शिवलिंग को लेकर एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। अधिवक्ता ने अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाकी, संयुक्त सचिव सैयद मोहम्मद यासीन, मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, ओवैसी आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी।

**तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी20) में शीर्ष पर पहुंच गई**

## भारत का आईसीसी रैंकिंग में दबदबा

**नई दिल्ली:**
आईसीसी टीम रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम खेल के तीनों प्रारूपों में शीर्ष पर पहुंच गई है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत नागपुर में खेले गए पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से शिकस्त देने के बाद भारतीय टीम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम 32 टेस्ट मैचों में 3690 अंकों के साथ 115 रेटिंग पॉइंट्स हासिल करते हुए नंबर वन पर पहुंच गई है, वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम 29 मैचों में 3231 अंकों




के साथ 111 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड (106) तीसरे व न्यूजीलैंड (100) चौथे स्थान पर काबिज है। टी-20 प्रारूप की बात करें तो भारतीय टीम 267 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि इंग्लैंड की टीम 266 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद है। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका तो चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम है।

एकदिवसीय क्रिकेट में भारतीय टीम 114 रेटिंग अंकों के साथ नंबर वन पर बनी हुई है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 112 रेटिंग अंक हासिल करते हुए दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देते हुए 111 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर है।

## निक्की हत्याकांड: आरोपित साहिल को पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली: दिल्ली के द्वारका कोर्ट ने नि**क्की यादव की हत्या के आरोपित साहिल को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की पांच दिन के रिमांड पर भेज दिया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कोर्ट को बताया कि आरोपित को लेकर अगले कुछ दिनों के दौरान अलग-अलग जगहों पर लेकर जाना है, जहां पर वह पहले मृतका के साथ रहा है। इस मामले में जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उन पर भी आरोपित से पूछताछ करनी है। इसके अलावा आरोपित जिन रास्तों से गाड़ी लेकर गुजरा उस रास्तों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जानी है। दरअसल, निक्की साहिल के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। उसका बॉयफ्रेंड साहिल किसी दूसरी महिला से शादी करने की तैयारी कर रहा था। इसको लेकर दोनों के बीच में कहासुनी हुई थी। आरोपित ने जिस दिन अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या की और फिर उसी शाम घरवालों के कहने पर दूसरी लड़की से शादी भी कर ली थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपित साहिल ने बताया कि उसने निक्की की हत्या 10 फरवरी को दिल्ली के आईएसबीटी के पास कार में गला दबाकर कर दी थी, हत्या करने के बाद वो शव को लेकर गाड़ी में घूमता रहा, फिर उसने एक ढाबे के फ्रिज में उसे छिपा दिया था।

## जी 20 की संस्कृति कार्य समूह की पहली बैठक 22 को

**नई दिल्ली:** जी 20 की संस्कृति कार्य समूह की पहली बैठक 22 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश के खजुराहो में आयोजित की जाएगी। इसमें जी 20 देशों के अलावा 9 मेहमान देशों के साथ सात अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 125 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। वसुधैव कटुम्बकम की अवधारणा को फैलाने के लिए संस्कृति कार्य समूह की चार बैठकें होंगी।




संस्कृति सचिव गोविंद मोहन ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि खजुराहों भुवनेश्वर और हम्पी में ये बैठकें होंगी जिनका थीम ह्लजीवन के लिए संस्कृतिह्व होगा। चौथे स्थान की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत की पांच हजार साल पुरानी समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसमें 23 प्राचीन कलाकृतियों को शामिल किया जाएगा। इन्हें विदेशों में तस्करी के बाद वापस लाया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक पिछले आठ सालों में 258 कलाकृतियों को लाया गया है जिनकी तस्करी की गई थी। साल 2030 तक कलाकृतियों की तस्करी को रोकने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में प्राचीन कलाकृतियों के संरक्षण से लेकर संस्कृति और पर्यावरण तथा संस्कृति तथा अर्थव्यस्था आदि पर भी विचार होगा। इसके अलावा कलाकृतियों की डिजिटल प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी तथा संस्कृति के बारे में सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जी20 देशों के प्रतिनिधियों को खजुराहो नृत्य महोत्सव सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अनुभव मिलेगा।

प्रतिनिधियों को पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ सफारी के साथ-साथ खजुराहो में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, पश्चिमी समूह के मंदिरों का दौरा करने का भी मौका मिलेगा। जी 20 देशों के साथ एक ऑर्केस्ट्रा भी तैयार होगा जिसमें भारतीय झलक भी होगी। उल्लेखनीय है कि खजुराहो अपने राजसी मंदिरों और विस्तृत मूर्तियों के लिए जाना जाता है। चंदेला राजवंश द्वारा 950-1050 ईस्वी के बीच यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, खजुराहो समूह के स्मारकों का निर्माण किया गया था।

## भारत की अखंडता अक्षुण्ण रखने में पूर्वोत्तर का बड़ा योगदान : योगी

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की एकता एवं अखंडता अक्षुण्ण रखने में पूर्वोत्तर राज्यों की राष्ट्रवादी भावना की सराहना की है। पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पराधीनता काल से लेकर आजादी के बाद भी पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से अलग-थलग रखने के अनेक प्रयास हुए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्षों तक वहां के लोगों को मूलभूत संसाधनों तक से वंचित रखा गया, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रंग, रूप, वेश, भाषा का भेद त्याग कर पूरा देश एकजुट होकर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ 'विकसित भारत' के लिए अपना योगदान कर रहा है। पूर्वोत्तर के युवा आज जेईई, नीट और



सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की वार्षिक अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (सील) कार्यक्रम के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2023 के दौरान बुधवार को 27 विद्यार्थियों के समूह ने मुख्यमंत्री से उनके लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर भेंट की। राजधानी लखनऊ आगमन पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों के प्राचीन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों पर भी चर्चा की तो उनसे यात्रा के अनुभव के साथ-साथ पूर्वोत्तर के बारे में भी जानने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। लखनऊ इसकी राजधानी है। यहां भ्रमण के दौरान विधान भवन जरूर देखें। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट का आधुनिक माध्यम मेट्रो है, सभी उसका अनुभव प्राप्त करें। आजादी की लड़ाई ने असम, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की वीरगाथा का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी समूह को लखनऊ के निकट काकोरी भ्रमण का सुझाव भी दिया।

## कोयम्बटूर ब्लास्ट: एनआईए ने तीन राज्यों में की छापेमारी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने बुधवार को कोयम्बटूर कार बम विस्फोट और मंगलुरु विस्फोट मामलों में तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में कई स्थानों पर तलाशी ली। एनआईए के मुताबिक आज कोयम्बटूर कार बम विस्फोट में तमिलनाडु व केरल में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान संदिग्धों के घरों व ठिकानों की तलाशी ली गई। इसमें तमिलनाडु के कोयम्बटूर में 14, त्रिची में 1, नीलगिरी में 2, तिरुनेलवेली में 3, तूतीकोरिन में 1, चेन्नई में 3, तिरुवन्नामलाई में 2, डिंडीगुल में 1, माइलादुथुरल में 1, कृष्णागिरी




में 1, कन्याकुमारन में 1 और तेनकासी में 1 तथा केरल के एमाकुलम में 1 स्थान पर तलाशी की गई। मामला कोयंबटूर जिले के कोट्टा ईश्वरन मंदिर के सामने विस्फोटकों से लदी एक कार में हुए बम विस्फोट से जुड़ा है। आरोपी, जेम्स मुबीन आईएसआईएस के प्रति वफादारी की कसम खाने के बाद 23 अक्टूबर को एक आत्मघाती हमले की योजना बना रहा था।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का हुवा स्वास्थ्य परीक्षण

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र मे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के डॉक्टरों की टीम क्षेत्र के टिकुरी समहन गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाकर बच्चों का बारी-बारी से परीक्षण किया गया जिसमें खांसी, बुखार सहित आदि बीमारियों से संबंधित दवाइयां दी गयी। इस दौरान डॉ राममूर्ति यादव, रत्नेश कुमार राय, एएनएम प्रभा सही प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

**करछना।** थाना क्षेत्र के कई गांव में विगत कई दिनों से अवैध शराब बनाने की शिकायत आ रही थी वही करछना पुलिस के द्वारा मौके से 200 लीटर अर्ध निर्मित शराब 60 लीटर बनी शराब एवं डेढ़ कुंतल लहन को नष्ट कराया गया वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप मचा रहा पुलिस के द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम में एसआई राज कुमार त्रिवेदी, अजीत गुप्ता, हरिशंकर मिश्रा, देवेंद्र देव यादव एवं हेड कांस्टेबल सतपाल शामिल रहे।

# मिक्सर मशीन से गिर कर मजदूर की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**घटना मंगलवार देर रात मानी उमर पुर रमना गांव की है, मृतक मजदूर मऊआइमा के छीटेमऊ गांव का निवासी था**

अखंड भारत संदेश





**मऊआइमा।** ट्रैक्टर में जुड़ा मिक्सर मशीन पर छत दाल कर घर आ रहे मजदूरों में एक मजदूर गिर पडा । जिसके उपर मिक्सर मशीन का चक्का चढ जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मिक्सर मशीन को थाने में खडी करा ली है।मृतक के पिता ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी पप्पू उर्फ हप्पू सरोज 37 वर्ष पुत्र जवाहर लाल मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का जीवन यापन करता है। बताते हैं कि पप्पू गांव के सुनील कुमार पुत्र होरीलाल के साथ मिक्सर मशीन लगे ट्रैक्टर पर बैठ कर कहीं से छत डाल कर सभी मजदूरों के साथ ट्रैक्टर में लगे मिक्सर मशीन के पर बैठ कर अपने गांव जा रहे थे। बताते हैं कि जैसे ट्रैक्टर मानी उमरपुर रमना के पास ट्रैक्टर से पप्पू उर्फ हप्पू सरोज नीचे गिर पडा और मिक्सर मशीन के पहिया के नीचे आ गया। जिसमें दब कर उस की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तथा ट्रैक्टर में लगे मिक्सर को थाने में खडी करा कर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक पप्पू उर्फ हप्पू के पिता जवाहर लाल ने चालक सुनील कुमार पुत्र होरीलाल छीतेमऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पप्पू के मौत की सूचना जैसे परिजनों को मिली परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी वंदना देवी ,पुत्र सुधीर, पुत्रियाँ अंजली और प्रिंका तथा तीनों भाईयों और बहन का रो रो कर बुरा हाल है।

### अज्ञात वाहन से टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**सिरसा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मेजारोड बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया । बता दें कि बुधवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के मेजारोड बाजार में सड़क पार कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मेजारोड चौकी के उपनिरीक्षक इश्तियाक अहमद पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहीं युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक की हालत गंभीर होते देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# बाइक की टक्कर से चरवाहे की मौत

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लीलापुर मार्ग पर बुधवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से एक अधेड़ चरवाहे की मौत हो गई घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज किया। बजहा गांव निवासी राम मूरत पाल 44 पुत्र स्व. रामाधार बकरी पालन कर अपना जीवन यापन करता था बुधवार की सुबह वह घर से बकरी चराने के लिए निकला था बताया जाता है कि दोपहर लीलापुर रोड पर नीबी गांव के सामने सड़क पार करते वक्त बाइक की चपेट में आ गया आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने राममूरत को मृत घोषित कर दिया। राममूरत के मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज राकेश कुमार पाल की शिकायत पर बाइक सवार शिवम यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# अधिवक्ता की कार से 12 लाख रुपये से भरा बैग गायब

**एक व्यक्ति ने बताया कि आपकी कार से मोबाइल गिर रहा है वह बोनट खोल के देखने गए तभी कार में पीछे सीट में रखा बैग गायब हो गया**



**नैनी।** क्षेत्र के कटान मिल तिराहे के पास से टप्पेबाजों ने एक कार से 12 लाख रुपयों से भरा बैग गायब कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से टप्पेबाजों की पहचान करने में जुटी है। मंगलवार को कॉटन मिल तिराहे के करीब एक सेंटर में फिजियोथैरेपी कराने आए करछना की हिंदूपुर निवासी रमेश मिश्रा पेशे से बारा तहसील में अधिवक्ता है। बताया जाता है की वह अपने भतीजे सौरव मिश्रा के साथ फिजियोथेरेपी सेंटर पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर उन्होंने अपने बेटे सर्वेश मिश्रा को बुलाया सर्विस कार लेकर पहुंचा था। रमेश मिश्रा ने रुपए से भरा बैग उसकी कार में रख दिया। सर्वेश कार लेकर आगे बढ़ा ही था कि एक व्यक्ति ने बताया कि आपकी कार से मोबाइल गिर रहा है। वह बोनट खोल कर देखने लगा तभी कार की पिछली सीट पर रखा रुपए से भरा बैग किसी ने उड़ा दिया। यह देखकर उसके होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने बताया कि बैग में करीब 12 लाख रुपए थे। सूचना पर नैनी पुलिस वहां पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस को कुछ दूर पर स्थित एक दुकान पर सीसीटीवी कैमरा काम करता हुआ मिला जिसकी फुटेज पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है बताया जाता है कि एक दिन ही पहले कोरांव ब्लॉक में कार्यरत विजय शंकर तिवारी के साथ भी उसी स्थान पर टप्पेबाजी हो चुकी है। जबकि करीब 1 महीने पहले एक प्रॉपर्टी डीलर से भी टप्पे वालों ने महंगे फोन और हजारों रुपए नकदी के साथ गाड़ी की पिछली सीट पर रखा बैग उड़ा दिया था। फिलहाल पुलिस हाथ पर मार रही है लेकिन नतीजा सिफर है।

### चार दिन से फूंका ट्रांसफार्मर अंधेरे में हैं लोग

**सिरसा।** विकासखंड उरूवा के पकरी सेवार बाजार में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले 4 दिनों से फूंका पड़ा है। जिसके चलते बिजली आपूर्ति ठप हो गई है बिजली ना होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में बाधा उतपन्न हो रही हैं। और बाजार के व्यापारियों के कामकाज पर बुरा असर पड़ रहा है। पानी सप्लाई न होने से पेयजल समस्या का निदान नहीं हो पा रहा। और दिन प्रति दिन पानी की समस्या गहराता जा रहा है। ट्रांसफार्मर जल जाने की शिकायत आटा चक्की मालिकों ने ऑनलाइन दर्ज करा रखी है। चार दिन बीतने के बावजूद भी उक्त ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया है जिससे समस्या बनी हुई है। विजली विभाग अधिकारियों के मनमानी रवैया से व्यपारियो और ग्रामीणों में आक्रोश बना है।

# हुनरमंद 184 युवाओं का प्लेसमेंट पीपीजीसीएल ने प्रदान की ट्रेनिंग

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** हुनरमंद हाथ को काम की कोई कमी नहीं। प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (पीपीजीसीएल) द्वारा सीएसआर के तहत प्रशिक्षित किए गए युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली है। पीपीजीसीएल के सीएसआर हेड पंकज कुमार ने बताया कि कंपनी की नीतियों के मुताबिक पावर प्लांट से प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का संचालन किया गया था, जिसमें युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पंकज कुमार ने बताया कि इसमें युवाओं को सोलर पैनल लगाने, एलईडी लाइट रिपेयरिंग, हैंडसेट रिपेयरिंग समेत विभिन्न प्रकार के तकनीकी कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सीएसआरए गतिविधि कौशल निर्माण कार्यक्रम के तहत एनएसडीसी और प्रशिक्षण में भागीदारी महेंद्रा स्किलिंग के समन्वय से चलाए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद युवाओं के लिए जाब का मौका भी सुलभ करवाया गया। सीएसआर हेड पंकज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षित युवाओं के लिए आयोजित जॉब इंटरव्यू में कुल 184 युवाओं को नौकरी के लिए चुना गया है। इनका चयन इलेक्ट्रानिक्स, सोलर और एलईडी वर्क्स के लिए किया गया है। चयन के उपरांत तहसीलदार बारा रमेशचंद्र पांडेय, नायब तहसीलदार बारा, सीएफओ (पीपीजीसीएल) श्रीप्रसाद बागड़े समेत तमाम लोग मौजूद रहे। पीपीजीसीएल के सीईओ अशोक कुमार पांडा ने सभी चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## समस्त विद्यालय 25 फरवरी तक छात्रों के बैंक खाते को आधार सीडिंग और मैपिंग कराना करें सुनिश्चित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूर्वदशम अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रों की छात्रवृत्ति का भुगतान पी0एफ0एम0एस0 द्वारा छात्रों के खाते में आनलाइन किया जाना है, परन्तु अधिकांश छात्रों का बैंक खाता आधार से सीडेड न होने के कारण भुगतान सम्भव नही हो पा रहा है। जनपद के समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि छात्रों के बैंक खाते को दिनांक 25.02.2023 तक आधार सीडिंग और मैपिंग कराना सुनिश्चित करें, ताकि लम्बित छात्रों को धनराशि का भुगतान किया जा सके।समस्त शिक्षण संस्थायें/छात्र-छात्रायें शैक्षिक सत्र 2022-23 में उपरोक्तानुसार पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में यदि कोई पात्र छात्र छात्रवृत्ति प्राप्त करने से वंचित रह जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षण संस्था/छात्र की होगी।

### सामूहिक दुष्कर्म में शामिल महिला को भी ठहराया जा सकता है दोषी

**प्रयायगराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म में महिला अगर शामिल है तो उसे भी दोषी ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि वैसे तो कोई महिला दुष्कर्म का अपराध नहीं कर सकती है, लेकिन उसने लोगों के समूह के साथ मिलकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तो संशोधित प्रावधानों के अनुसार उस पर गैंगरेप का मुकदमा चलाया जा सकता है।यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने सिद्धार्थनगर के थाना बांसी में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राहत देने से इन्कार कर दिया और कहा कि मामले में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने सुनीता पांडेय की याचिका को खारिज करते हुए दिया है।

### 80 शीशी कफ सिरप के साथ एमपी के दो तस्कर गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों मध्य प्रदेश के रींवा जनपद के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 80 शीशी कफ सिरप बरामद हुई है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों का चालान भेज दिया है। यह जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एसआई ऋतुराज सिंह की अगुवाई वाली टीम ने एमपी की सीमा पर घेराबंदी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसओ ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह गिरफ्तारी एमपी की सीमा पर स्थित पटहट पुलिया के पास से संजय साहू पुत्र मयंक साहू (निवासी कटहाई, अतरैला, रींवा) और प्रिंस कुशवाहा पुत्र अच्छेलाल कुशवाहा (निवासी भिटौना, अतरैला, रींवा) को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 80 शीशी सीरप बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, 18(सी), 18ए, 27(बी)(, 28 औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एचसीपी राजेश यादव, कांस्टेबल रोहित कुमार, सुखबीर सिंह, औषधि निरीक्षक संतोष कुमार पटेल व राहुल कुमार (प्रतापगढ़) भी शामिल रहे।

# करछना क्षेत्र पंचायत सदन की बैठक में विकास कार्यो पर हुई चर्चा

**बैठक में सदस्यों की उपस्थिति कम रहने पर पुनः बैठक की उठी मांग**



अखंड भारत संदेश

**करछना।** बुधवार को ब्लाक सभागार मे क्षेत्र पंचायत की हुई बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी ने की।इस दौरान पुराने कार्यो की समीक्षा करते हुए नये कार्यो पर चर्चा की गई साथ ही गावो मे किए गये विकास कार्यो की गुणवत्ता के अनुरूप कार्य कराये जाने पर जोर दिया गया।पूर्व एजेडा बैठक मे प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा भी की गई वही बैठक मे ग्राम प्रधानो और क्षेत्र पचायत सदस्यो की सख्या कम होने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पचायत सदस्य विजयराज सिह ने कहा कि 30 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 20 प्रधानो के बीच एजेडा बैठक कराई गई जिसका कोरम पूरा नही था जिसके कारण उन्होने पुनः बैठक कराने की माग की है,वही बैठक मे जलपान आदि की व्यवस्था न होने पर कई प्रतिनिधियो ने नाराजगी भी व्यक्त की। ब्लाक प्रमुख और खण्ड विकास अधिकारी देव कुमार ने एजेडा बैठक सपन्न होने की बात कही। इस मौके पर एडीओ कोआपरेटिव सोनल शुक्ला, बृजेश द्विवेदी मनीष शुक्ला समेत क्षेत्र पचायत सदस्य ग्राम प्रधान व ब्लाकर्मी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व कैबिनेट मंत्री का सहसों में हुआ भव्य स्वागत



**सहसों।** उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह का इफ्को फूलपुर के एक कार्यक्रम में जाते समय सहसों में भाजपा मंडल सहसों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने अपने प्रतिष्ठान कजारिया टाइल्स शॉप में कार्यकताओं सहित पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए अंगवस्त्रम भेंट कर उनका सम्मान किया। तत्पश्चात जलपान कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री ने संगठनात्मक दृष्टिकोण पर मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ चर्चा करते हुए सभी का हाल-चाल जाना। उन्होंने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा भाजपा कार्यकताओं की कठिन परिश्रम एवं समर्पण भाव तथा केन्द्र एवं प्रदेश में भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से ही आज हम सब देश और प्रदेश में सरकार बनाकर विकास की गंगा बहा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, अनिल सरोज, राम मनोहर सिंह, बबलू सिंह, प्रमोद शुक्ला, अमन सिंह राजपूत, महेश सिंह सहित आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### माय सेम सीमेंट के इंजीनियरों ने राज मिस्त्री को दिया प्रशिक्षण



**जंघई।** पांडेय बिल्डिंग मटेरियल स्टोर जंघई में माय सेम सीमेंट के प्रचार प्रसार एवं अपनी गुणवत्ता को बताने के लिए कंपनी के इंजीनियरों द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।राज मिस्त्री के समूह एवं ग्राहकों को सीमेंट के प्रयोग हेतु विस्तार से विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसमें माय सेम कंपनी के अधिकारी मयंक उपाध्याय एवं सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि सीमेंट बहुत ही उत्तम क्वालिटी का है जिसमें सभी राज मिस्त्री भाई एवं दुकान के प्रोपराइटर विनोद कुमार पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, आशुतोष कुमार पांडेय, संजय पांडेय सहित डॉक्टर मिस्त्री, राजपति मास्टर, राजेंद्र मिस्त्री, कल्लू मिस्त्री सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने बी.सी. सखियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**प्रयागराज।** उपायुक्त स्वतः रोजगार भोलानाथ कनौजिया ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वन जीपी वन बीसी योजना के अन्तर्गत जनपद में कुल चयनित प्रशिक्षित बीसी सखियों में से माह जनवरी, 2023 में उत्कृष्ट कार्य किये गये 03 बीसी सखियों क्रमशः श्रीमती रीना कुमारी, ग्राम पंचायत खेरूआ, विकास खण्ड सैदाबाद, श्रीमती उर्वशी देवी, ग्राम पंचायत मिश्री, विकास खण्ड धनूपुर व श्रीमती मंजू देवी, विकास खण्ड धनूपुर को मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बी0सी0 सखियों द्वारा बताया गया कि प्रतिमाह लगभग रू0 30000/-(तीस हजार) कमीशन के रूप में अर्जित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त (स्वतः रोजगार) भोलानाथ कनौजिया, जिला मिशन प्रबन्धक विजय गुप्ता एवं सी0एस0सी0 से विकास मिश्रा उपस्थित रहे।

# सात साल से मंडी समिति रास्ते का समाधान नहीं!

**25 वर्ष पुरानी पुलिया टूटने से रास्ता अवरुद्ध वैकल्पिक रास्ते से आवागमन**

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** यमुनापार प्रयागराज की सबसे बड़ी गल्ला मंडी लेड़ीयारी को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली पुलिया 7 वर्ष पूर्व टूट गई जिसमे अगल बगल के काश्तकारों द्वारा स्टे लेकर पुलिया मरम्मत का कार्य रुकवा दिया गया जो की आज तक नही बन सका। ज्ञात हो की किसानों की सहूलियत के लिए लगभग 30 वर्ष पूर्व सरकार द्वारा मंडी का निर्माण कराया गया था, जिसको मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए लगभग 700 मीटर सड़क निर्माण हुआ था रास्ते में पड़ने नाले की पुलिया 7 वर्ष पूर्व जर्जर होने के कारण टूट गई, तत्कालीन एसडीएम व मंडी के अधिकारियों द्वारा मरम्मत का कार्य शुरू हो इससे पहले बगल के काश्तकार रमाकांत मिश्र व कमला कांत मिश्र द्वारा 25 वर्ष पुरानी पुलिया पर स्टे लेकर कार्य रुकवा दिया गया, इसके बाद जितने एसडीएम कोरांव आए सबके द्वारा स्थानीय स्तर पर पंचायत कर मामले को सुलझाने की कोशिश की गई किंतु कोई नतीजा नहीं निकला। किंतु वैकल्पिक रास्ते से मंडी का कार्य चलता रहा जब वैकल्पिक रास्ते को भी उपरोक्त लोगो द्वारा रोका जाने लगा तो तत्कालीन तहसीलदार विशाल शर्मा द्वारा हस्तक्षेप कर काश्तकार भगवती प्रसाद के जमीन से मंडी का नया रास्ता खुलवाया गया उसी से अब तक आवागमन हो रहा है। इस विषय पर ग्रामीणों का कहना है की अधिकारियों की शिथिलता की वजह से पुलिया का निर्माण नही हो पा रहा है जिससे किसानों व्यापारियों व मंडी से रोजगार पा रहे पल्लेदारों का नुकसान हो रहा है, 7 वर्ष पुराने स्टे में मंडी समिति द्वारा न्यायालय में सही से पक्ष नही रखा जा रहा है। मंडी समिति के सचिव दिलीप सिंह पटेल ने कहा की दोनो पक्षों से बात कर मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। वही एक पक्षकार भगवती प्रसाद ने कहा की पुलिया बनवाने की जिम्मेदारी मंडी की है किंतु जब तक निराकरण नहीं होता वह वैकल्पिक रास्ते को मंडी समिति को निःशुल्क दिया है अगर मंडी समिति चाहे तो वह मंडी को निःशुल्क दान करने को भी तैयार है।

### कार बाइक की टक्कर में घायल महिला का काटा गया पैर ,बेटे की हालत नाजुक

**मऊआइमा।** दस फरवरी को रात में बाइक से मरीज देखने जा रहे माँ -बेटा को इनोवा कार ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने इनोवा कार को थाने में खडी करा कर दोनों घायलों को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया है। उक्त घटना से घायल महिला का पैर डाक्टरों को काटना पडा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय खव्वाजा निवासी मोहम्मद आरिफ 18 आपनी माता हामिदा खातून ,40 वर्ष पत्नी अनवर अहमद को दस फरवरी को बाइक पर बैठा कर मरीज देखने गए थे। बताते हैं कि फोरलेन सुलतानपुर खास के पास प्रयागराज की ओर से आ रही इनोवा का ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों की हालत नाजुक हो गई।पुलिस ने इनोवा कार को थाने में खडी करा कर मां बेटे को शहर के अस्पताल में भर्ती करा दिया था। बुधवार की घायल महिला हामिदा खातून के पैर में जहर फैल जाने से एक पैर काटा गया।तथा मोहम्मद आरिफ की हालत अब भी नाजुक बताई गई है। हामिदा खातून के ससुर नसीम उद्दीन ने बुधवार को इनोवा चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

**खबर संक्षेप**

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से लड़कियों हेतु जिम फार गर्ल की स्थापना हुई

**करछना।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के सौजन्य से इंपावर हर योजना के अंतर्गत लड़कियों हेतु जिम ( जिम फार गर्ल ) की स्थापना बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा में हुई ।जिससे लड़कियों में प्रसन्नता व्याप्त है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी परिक्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक गिरीश जोशी व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रयागराज के सहायक महाप्रबंधक संतोष कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक के. पी. सिंह व बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्रबंधक एनपी सिंह मौजूद रहे।उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखना है।कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया।इस मौके पर व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह रणविजय सिंह, विजय कुमार मिश्र, डां अनिल कुमार पाठक, डां सच्चा प्रसाद मिश्र, प्रधानाचार्य भगवानदास यादव सुरेंद्र सिंह समेत कालेज की सभी छात्राएं मौजूद रहीं।

# डिप्टी सीएम केशव बोले- विरोधी दल श्रीराम-निषाद राज की मित्रता को तोड़ने का कर रहे प्रयास

**अखंड भारत संदेश**





**श्रृंगवेरपुर।** राजनीति करने वाले तथाकथित लोग धार्मिक टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता कि पुरुषोत्तम श्रीराम भक्तों की शक्ति हैं, उनका स्मरण जरूरी है। ये बातें बुधवार को शृंग्वेरपुर धाम में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से आयोजित जन-जन के राम पर आधारित दो दिवसीय रामायण कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं। उन्होंने कहा कि विरोधी दल त्रेता युग से चली आ रही श्रीराम-निषादराज की मित्रता को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु उनका मंसूबा कभी पूरा नहीं हो पाएगा। 1990 में सभी परिस्थितियों का सामना करते हुए राम भक्तों को केवट व निषाद समाज ने अयोध्या पहुंचाने का काम किया था। राम भक्तों की ही आस्था हैं।कहा कि जिस रामजन्म भूमि पर मंदिर निर्माण की लड़ाई 500 वर्षों तक लड़ी गई, आज वहां भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। 2024 जनवरी तक रामलला का मंदिर बनकर तैयार होगा। उन्होंने पूर्व विधायक दिवंगत विक्रमाजीत मौर्य को यादकर उनके कार्यों की सराहना की। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर रामायण कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल पांडेय, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, मानवेंद्र प्रताप सिंह, महंत गिरीशपति त्रिपाठी, कल्पना सहाय, रंजन शुक्ल, शंभूनाथ त्रिपाठी अंशुल आदि ने संबोधित किया। संचालन डॉ. आभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।आभार क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने जताया। इस अवसर पर हनुमान गढ़ी के महंत कमलदास महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश शुक्ल उर्फ चंदन, प्रशांत गुप्ता, राजू पाल, टीएन सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी, अविनाश मौर्य, आफताब कुरैशी, आलोक तिवारी, कमल कृष्ण मौर्य, अवनोद ओझा, मनोज मित्तल, यमुना प्रसाद, धीरेंद्र मिश्र, मनोज द्विवेदी, अमित द्विवेदी, उमेश चंद्र द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

**प्रदेश के 75 जिलों में लगेंगे उद्योग**

शृंग्वेरपुर में आयोजित रामायण कॉन्क्लेव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में दुनिया भर के 36 देशों की कंपनियों ने प्रतिभाग किया था। इनमें से कई ने पूरे प्रदेश में अरबों-खरबों का निवेश कर 75 जिलों में छोटी, बड़ी कंपनियां लगाने का प्रस्ताव रखा है। समिट में प्रयागराज को भी बहुत कुछ मिलने वाला है।

**2025 तक कुंभ से जुड़ जाएगा शृंग्वेरपुर धाम**

केशव प्रसाद मौर्य ने शृंग्वेरपुर के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि 2014 से पहले और बाद का विकास लोग देख रहे हैं। पिछली सरकारों में लूट खसोट और पैसे की बंदरबांट हो रही थी। 2014 के बाद का अंतर दिख रहा है। भगवान श्रीराम-निषादराज की मिलन स्थली का विकास तेजी से हुआ है। 2025 तक धाम को कुंभ से जोड़ दिया जाएगा। कुंभ में आने वाले करोड़ों लोग शृंग्वेरपुर धाम जरूर आएंगे।

**आरंभ हो गया है रामवनगमन मार्ग निर्माण**

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राम वन गमन मार्ग बनना शुरू हो गया है। मेरा प्रयास होगा कि 2024 से पहले शृंग्वेरपुर में फोरलेन गंगा सेतु बनकर तैयार हो जाए। इसलिए कि चाहे चित्रकूट जाने वाला हो, अथवा भरद्वाज आश्रम के लिए शृंग्वेरपुर आए बगैर यात्रा अधूरी रहेगी। शृंग्वेरपुर पर्यटन हब बनकर तैयार होगा। इससे रोजगार और व्यापार के अवसर भी मिलेंगे।

**न्यूज झरोखा**

### औधोगिक थाने की जीप पलटी, सिपाही घायल



**नैनी।** टीएसएल रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार को औधोगिक थाने की जीप पलट गई। जिसमें सवार एक सिपाही घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र में औधोगिक क्षेत्र थाना की सेकेंड मोबाइल (जीप) बुधवार की तड़के नैनी थाना क्षेत्र स्थित कांशीराम कॉलोनी में एक आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश देने जा रही थी। उसमें एसआई राम अभिलाष, कांस्टेबल मनोज व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। जैसे ही जीप नैनी क्षेत्र के टीएसएल रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची उसी दौरान अचानक सामने से गाय आ गई, उसे बचाने के प्रयास में जीप अनियंत्रित हो गई और क्रासिंग के पास पलट गई। इस हादसे में सिपाही मनोज कुमार घायल हो गया। उसके साथ जीप में मौजूद दारोगा राम अभिलाष समेंत अन्य पुलिसकर्मी चुटहिल हो गए। जीप पलटने का एक और कारण क्रासिंग के पास बड़े-बड़े गड्ढे है। जिससे आए दिन हादसे का शिकार होकर राहगीर घायल हो रहे है। घायल को पास स्थित अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। वही क्षतिग्रस्त जीप को क्रेन की मदद थाने पहुंचाया गया। एसओ संजीव चौबे ने बताया कि थाने की सेकेंड मोबाइल दबिश में जा रही थी। गाय बचाने व गड्ढा आ जाने की वजह से जीप पलट गई। सिपाही मनोज कुमार घायल हुए हैं। लोगों का कहना है रेलवे क्रॉसिंग के पास में इतना ज्यादा गड्ढा हो गया है आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है।

### माघ मेले से पहले सड़क का किया गया था नवीनीकरण कई जगह उखड़ गई महीने भर पहले बनी सड़क



**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग झूंसी में सड़क का नवीनीकरण हुए अभी महीने भर भी नहीं हुआ और जगह जगह से सड़क उखड़ गई। मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नही लगाये जाने के कारण सड़क उखड़ने से राहगीर हादसे का शिकार हो रहे हैं। माघ मेले से पहले आसपास की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया गया है। जिसमें पूर्वांचल को प्रयागराज से जोड़ने वाली जीटी रोड पर भी लाखो की लागत से शास्त्री पुल से त्रिवेणीपुरम गेट तक सड़क की दोनों लेन का नवीनीकरण किया गया था। नवीनीकरण हुए अभी महीने भर भी पूरे नहीं हुए हैं और सड़क कई जगह उधड़ गई। वाराणसी जाने वाली लेन पर झूंसी पुलिस बूथ से त्रिवेणीपुरम तक पांच स्थानों पर सड़क उखड़ गई है जिसकी वजह से सब से अधिक बाइक सवारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी राजेश पांडये ने बताया कि इस रोड से प्रति दिन हजारो वाहन गुजरते है और बाइक सवारों के साथ कारें भी गड्ढों से बचने के लिए तेजी से कट लेती हैं। इससे आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना होती रहती है।

# दिव्यांगजनों की सहायता प्रगति एवं विकास के लिए सरकार कर रही तेजी से कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**मंत्री जी ने दिव्यांगजनों को ट्राई/मोटराईज्ड साईकिल का किया वितरण**





**प्रयागराज।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश श्री नरेन्द्र कश्यप जी ने बुधवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों में अर्न्तनिहित सृजनात्मक क्षमता को सार्वजनिक क्षेत्र में उजागर करने तथा उनकी पहुंच जनसामान्य तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य निधि अंतर्गत उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज के सहयोग से निर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों के प्रर्दशन हेतु 13 से 15 फरवरी, 2023 तक लगायी गयी त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग कला मेला एवं दिव्य शक्ति प्रर्दशन (सांस्कृतिक कार्यक्रम) के समापन समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए मंत्री जी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गायन, योगा, श्लोक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जिस दिव्यता का परिचय दिया है, उनकी विधा, कला किसी भी सामान्य बच्चे से कम नहीं है, इनके द्वारा बनाये गये पोस्ट कार्ड, मोमबत्ती, लकड़ी के उत्पाद, कपड़े के उत्पाद व कलाकृत्रियां आकर्षण का केन्द्र है। इस तरह का कार्यक्रम प्रदेश में पहली बार जनपद प्रयागराज में आयोजित किया गया है। इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश के अन्य जनपदों में भी कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का सपना है कि हमारे देश का हर दिव्यांग सशक्त हो, सामर्थ्यवान हो, बिना किसी के सहारे के जीवन जीने की कला को सीख सके, अपने पैरों पर खड़ा होकर, अपनी योग्यता, कार्यकुशलता का प्रदर्शन कर सके, इसलिए हमारे विभााग द्वारा बहुत सारी योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने दिव्यांगजनों की वेदना को समझते हुए उनको प्रतिमाह मिलने वाले भरण पोषण की सहायता राशि को 300 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया है। मंत्री जी ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए ट्राईसाईकिल के साथ ही मोटर चालित ट्राई साईकिल निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार के द्वारा दिव्यांग बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए भी व्यवस्थायें की गयी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग युवक/युवती की शादी के लिए पुरस्कार के रूप में 35 हजार रुपए दिए जाने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई दिव्यांग छोटा-मोटा कारोबार करना चाहता है, तो उसके लिए भी 10 हजार रू0 दिए जाने की व्यवस्था है। मंत्री जी ने कहा कि दिव्यांग लोगो के लिए कृत्रिम अंग उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा दिव्यांग बच्चों की प्रगति एवं विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है, जिसके तहत दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं, स्कूलों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों को और सशक्त बनाया जा रहा है।मंत्री जी ने इसके पूर्व एनसीजेडसीसी परिसर में लगायी गयी दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी के प्रत्येक स्टॉल पर जाकर दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। मंत्री जी ने दिव्यांग बच्चों के कौशल की सराहना की तथा इसे और बेहतर करने हेतु प्रोसाहित किया। मंत्री जी ने उत्पादों की खरीददारी भी की। आर्ट गैलेरी का अवलोकन करते हुए प्रत्येक पेंटिंग को देखा तथा बनाने वाले दिव्यांगों के साथ फोटो खिंचवाई। मंत्री जी के समक्ष विशेष बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मंत्री जी ने दिव्यांगजनों को ट्राई/मोटराईज्ड साईकिल प्रदान किया तथा विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सतुगरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के उप कुलपति योगेन्द्र दुबे, निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 एस0पी0 पटेल, उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग विनीता यादव, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी श्री नंद किशोर, कमलेश नारायण मिश्रा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में विशेष बच्चें/अभिभावक उपस्थित रहे।

# निदेशक बेसिक शिक्षा के खिलाफ गैर जमानती वारंट, मृत शिक्षक की पत्नी को ग्रेच्युटी न देने का मामला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निदेशक बेसिक शिक्षा को आदेश का अनुपालन न करने पर गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि उन्हें आदेश के अनुपालन का मौका दिया गया, लेकिन उन्होंने न तो अनुपालन हलफनामा दाखिल किया और न ही उपस्थित हुए। कोर्ट ने गैर जमानती वारंट का अनुपालन कराने के लिए सीजेएम लखनऊ को निर्देशित करते हुए सात दिन का समय दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने अनीता देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।अधिवक्ता कमल कुमार केसरवानी ने कहा कि याची के पति राजवीर सिंह की प्राथमिक विद्यालय चौकड़ा ब्लॉक नौहझील, मथुरा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के पश्चात पारिवारिक पेंशन याची को दी गई लेकिन ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया था। याची ने ग्रेच्युटी भुगतान के लिए याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट ने तीन माह में आठ प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान का आदेश दिया। भुगतान न होने पर अवमानना याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने निदेशक बेसिक शिक्षा एक मौका देते हुए ब्याज भुगतान हेतु आदेश दिया। भुगतान न होने पर निदेशक बेसिक शिक्षा को कोर्ट में उपस्थित रहने का आदेश दिया था, लेकिन न तो ब्याज का भुगतान किया, न ही कोर्ट में हाजिर हुए। इस पर कोर्ट ने निदेशक बेसिक शिक्षा के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सलमान खुर्शीद के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द की, सीएम योगी के खिलाफ दिया था विवादित बयान**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व विदेश और कानून मंत्री सलमान खुर्शीद के अपने बयान ह्यरिश्ते में हम तुम्हारे बाप लगते हैं के बयान मामले में राहत दी है। कोर्ट ने मामले में उनके द्वारा खेद जताने पर उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपने बयान पर खेद व्यक्त किया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका इरादा कभी भी सीएम योगी आदित्यनाथ या किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। उसने पत्रकारों द्वारा पूछे गए कुछ सवालों का जवाब देते हुए इसे केवल हल्के-फुल्के अंदाज में कहा था। लिहाजा, आक्षेपित कार्यवाही को रद्द कर किया जाता है।

**लोकसभा चुनाव 2019 में दिया था बयान :** यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह ने सलमान खुर्शीद की ओर से थाना फरुर्खाबाद कोतवाली, फतेहगढ़ में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसजी हसनैन व सरकार की ओर से रतनेंदु कुमार सिंह ने बहस की। पूर्व कैबिनेट मंत्री सलमान खुर्शीद ने यह बयान लोकसभा चुनाव 2019 में सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ दिया था। मामले में उनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इसका संज्ञान लिया था। पूर्व मंत्री ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर एफआईआर रद्द करने की मांग की थी।

**सलमान ने कोर्ट में दाखिल किया खेद जताने का हलफनामा :** याची के अधिवक्ता ने कहा कि यह बयान हल्के-फुल्के अंदाज में दिया गया था, जो कि फिल्म शहंशाह का एक प्रसिद्ध संवाद है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कोर्ट में अपना एक हलफनामा दाखिल किया और इस बयान पर खेद व्यक्त किया। जिसके बाद कोर्ट ने कहा कि कभी-कभी क्षण भर में कोई व्यक्ति दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से कुछ कह देता है और यदि ऐसा व्यक्ति ऐसा बयान देने के लिए पछताता है तो न्यायालय को इस मामले पर व्यापक विचार करना चाहिए और कार्यवाही को रद्द कर देना चाहिए। पछतावे के बिना जीने का मतलब यह मानना है कि आपके पास सीखने के लिए कुछ नहीं है।

# कांग्रेसियों ने फूंका पुतला, पुलिस से हुई नोकझोंक

**अखंड भारत संदेश**

**कानपुर देहात की घटना**



**प्रयागराज।** कानपुर की घटना को लेकर सियासत भी तेज हो गई है। इसके विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन के तहत बुधवार को सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया तथा बुलडोजर के चित्र जलाए। इस दौरान उनकी पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में बुलडोजर की तख्तियां लेकर पहुंचे थे। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही बुलडोजर के चित्र जलाए। कांग्रेसियों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और पूरी घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की।कई अन्य संगठनों की ओर से भी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन की घोषणा की गई थी। इसे देखते हुए धरना स्थल पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। बुलडोजर के चित्र फूंकने से रोकने पर कार्यकताओं एवं पुलिस के बीच तीखी झड़प भी हुई। प्रदर्शन करने वालों में गंगापार के अध्यक्ष सुरेश यादव, अरुण तिवारी, प्रदीप मिश्रा अंशुमन, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, सुधाकर तिवारी, उज्वल शुक्ला, संजय तिवारी, हसीब अहमद, इरशाद उल्ला, मो.हसीन आदि शामिल रहे। एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने भी इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव अजय पांडेय, अभिनव तिवारी, हरिकेश हैरी, आदर्श भदौरिया आदि शामिल रहे।

**एआईएमआईएम कानपुर देहात में बुलडोजर चलाने की घटना की निंदा :** कानपुर देहात रूरा थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में कृष्ण गोपाल दीक्षित के मकान पर बुलडोजर चलाने की घटना की एआईएमआईएम ने कड़ी निंदा की है। महानगर अध्यक्ष एवं प्रवक्ता अफसर महमूद व पूर्व युवा महानगर अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद ने कहा कि प्रशासन के लोग इस घटना को अंजाम दिए हैं उनकी लापरवाही की वजह से दो लोगों की मृत्यु हो गई है। उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### अल्पसंख्यकों से शुरू होकर अब ब्राह्मणों पर चलने लगा है बुलडोजर : प्रमोद तिवारी

**प्रयागराज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कानपुर देहात की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है यूपी की योगी सरकार अल्पसंख्यकों पर बुलडोजर चलाने के बाद अब ब्राह्मणों पर बुलडोजर चलवा रही है। कानपुर देहात की घटना इसका जीता जागता उदाहरण है। हम बुलडोजर की राजनीति के खिलाफ हैं। पहले बुलडोजर अल्पसंख्यकों पर चल रहा था, लेकिन अब इसकी दिशा ब्राह्मणों की तरफ हो गई है। इस मामले में अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है।उन्होंने कहा कि यह अघोषित तानाशाही का दौर चल रहा है। प्रमोद तिवारी बुधवार को सिविल लाइन स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि अडानी के मामले में हम सिर्फ जेपीसी की मांग कर रहे हैं। नियमानुसार संसद में जिस दल की जितनी संख्या होती है, जेपीसी में उतने अधिक सदस्य उसी पार्टी के रहते हैं। जाहिर है भाजपा पूर्ण बहुमत में है तो जेपीसी में उसके सदस्य भी ज्यादा रहेंगे, तब फिर क्यों सरकार जेपीसी का गठन करने से डर रही है।उन्होंने बीबीसी मामले में सरकार को घेरा कहा कि यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। इसका समय गलत है। सरकार मीडिया को अपने दबाव में लेकर अपने हिसाब से चलाना चाहती है। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर का प्रतीकात्मक पुतला भी दहन किया और प्रदर्शन कर केंद्र और योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



# उल्लास के साथ मनाया गया न्याय नगर पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** न्याय नगर पब्लिक स्कूल का बुधवार को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राजस्व अधिकारी कुँवर पंकज, लेफ्टिनेंट कर्नल एंटनी रोबिन, पूर्व न्यायाधीश आरएस वर्मा, डॉ. सुशील सिन्हा ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलन किया। गणेश वंदना से कार्यक्रम का आरंभ हुआ जिसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिनमें आर्मी म्यूजिकल एक्ट, भांगड़ा नृत्य, जंगल थीम पर आधारित नृत्य पर खूब तालियां बजी। प्रधानाचार्य डॉ बुशरा मुस्तफा ने विद्यालय के उपलब्धियों की जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल एंटनी रोबिन ने श्रुति त्रिपाठी, आराध्या सिंह, जानवी मौर्य सहित प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। वहीं विद्यालय की सचिव सुचित्रा वर्मा ने कुशल नेतृत्व के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया। प्रबंधक अनुभव वर्मा ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य एसोसिएशन की प्रेसिडेंट सुष्मिता कानूनगो, विनय राय, आरती कुशवाहा, सावित्री देवी, अर्चना श्रीवास्तव, विनय किशोर, अरुण आनंद, शैला मेहताब, जातियां बानो, मो. फैजल आदि मौजूद रहे।

### वरूणेश्वर महादेवः शिव का धनुष टूटते ही भगवान श्रीरामचन्द्र का विवाह संपन्न



**प्रतापपुर।** शिव सेवा सीमित वरुणेश्वर महादेव मंदिर वरूणा प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के छठवें दिन कथा वाचिका आराधना देवी काशी ने सीता स्वयंवर की कथा सुनाई। कहा कि महाराज जनक ने घोषणा कि जो मनुष्य शिव धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ा देगा। उससे वे सीता का विवाह कर देंगे। महाराज जनक ने उपस्थित ऋषि मुनियों के आशीर्वाद से स्वयंवर के लिए शिवधनुष उठाने के नियम की घोषणा की। सभा में उपस्थित सभी राजकुमार, राजा व महाराजा धनुष उठाने में विफल रहे। यह देखकर विश्वामित्र ने राम से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को कहा गुरु की आज्ञा मानते हुए श्रीराम ने अत्यंत सहजता से वह धनुष उठाकर चढ़ाया और मध्य से तोड़ डाला। इस प्रकार स्वयंवर को जीत श्रीराम ने माता सीता से विवाह किया। इस विवाह से धरती, पाताल और स्वर्ग लोक में खुशियों की लहर दौड़ पड़ी। राजा दशरथ और जनक ने अपनी वंशावली का पूर्ण परिचय देकर सीता और उर्मिला का विवाह राम और लक्ष्मण से तथा विश्वामित्र के प्रस्ताव से कुशध्वज की दो सुंदरी कन्याओं मांडवी, श्रुतकीर्ति का विवाह भरत तथा शत्रुघ्न के साथ निश्चित कर दिया। सीता स्वयंवर में भगवान श्रीराम के गले में सीता माता ने वरमाला पहनाई विवाह सम्पन्न होते ही कथा पंडाल मे पुष्प वर्षा हुई।इस अवसर पर राकेश सिंह ब्लाक प्रमुख, संजय बनकटा, डाक्टर बलऊ सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, मनोज पाठक, पृथ्वी पाल यादव, अनंत प्रसाद तिवारी, कैलाश सिंह, राम पाल यादव, विवेकानंद गिरी, सालिक राम मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों ने महासम्मेलन को लेकर भरी हुंकार

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** परिषदीय विद्यालयों ने कार्यरत शिक्षामित्रों ने आगामी 20 फरवरी को लखनऊ रमाबाई मैदान में आयोजीत होने वाले शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी व शिक्षामित्र महासम्मेलन को लेकर शिक्षामित्र संघ करछना ईकाई ने प्राथमिक विद्यालय करछना प्रथम में बैठक किया और आगे की रणनीति बनाई गई।विगत 12 जनवरी को शिक्षामित्रों ने लखनऊ में स्वाभिमान बचाओ रैली को आयोजित कर सरकार से समन्वय नीति अपनाने के संकेत दे दिये थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुये सिद्धराज सिंह ने कहा कि आगामी 20 फरवरी को लखनऊ में शिक्षामित्रों के समस्त संघो का महासम्मेलन आयोजित है अतः सभी लोग अपनी एकजुटता से राजधानी पहुँचकर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराये और ऊनी मांगों को उनके समक्ष रखे।उक्त महासम्मेलन सरकार के बीच सामंजस्य स्थापित करेगा। महामंत्री अनन्त लाल ने कहा कि अल्प मानदेय में सम्पूर्ण शैक्षिक कार्य शिक्षा मित्र कर रहे है जो कि समान नीति नही है। शिक्षामित्रो को अपने हक हेतु 20 फरवरी को लखनऊ कूच करना है। बैठक में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे जिसमे प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष पकंज राव राजकरण यादव राजीव मिश्र मुरारी,मंजू देवी, अजय पांडेय,प्रमोद कुमार,अम्बरीष त्रिपाठी वंदना मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### घर में घुस कर मार पीट तथा गृहस्थी समान तोड़ने पर सेना के हवलदार सहित नौ नामजद

**मऊआइमा।** बांकाजलालपुर में हुई मार पीट का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अधिकारियों ने मामले को लिया संज्ञान में मऊआइमा। नाली के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुस कर गृहस्थी का सामान तोड दिए और तीन को मार पीट कर लहुलुहान करने और पूरा मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान में लिया। जिसपर पुलिस ने देर रात सेना के हवलदार सहित नौ को नामजद करते हुए पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर मंगलवार को ही मामूली धारा शांतिभंग में चालान कर दी थी। जमानत करा कर आने के बाद फिर ताल ठोंक रहे थे। मऊआइमा के ग्राम बांकाजलालपुर में नाली के विवाद को लेकर मंगलवार को जमकर लाठी डंडा चले थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से चार का शांति भंग में चालान कर खाना पूर्ति कर दी थी। आरोप है कि जमानत कराने के बाद फिर ताल ठोंकने लगे।पूरा प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान लिया और मंगलवार को देर रात में उबैद अख्तर पुत्र स्वर्गीय आशिक अली ने आरोप लगाया कि सभी एक राय होकर उसके घर में घुस कर गृहस्थी का सामान तोड कर उसे और परिवार के मोहम्मद फहद ,मोहम्मद आलम को लहूलुहान कर दिया गया है। दोनों का उपचार बेली में चल रहा है।

## महिला सास के साथ पहुंची कोतवाली, दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा परेशान महिला सास को लेकर कोतवाली पहुंची पीड़िता ने कोतवाली में पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव की रहने वाली बीना पांडे पत्नी अनिल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी आए दिन उसे मारते पीटते व प्रताड़ित करते रहते हैं। एक दिन पूर्व पड़ोसियों ने उसके बेटे को पीटा था। बुधवार को आरोप है कि वही लोग लाठी डंडा लेकर उसके घर पर चढ़ाए उसे तथा उसकी सास को मारपीट कर घायल कर दिया। वृद्ध सास को लेकर महिला पट्टी कोतवाली आई। पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# यूपी बोर्ड: 218 केंद्रों पर बैठेंगे सवा लाख परीक्षार्थी

## कंट्रोल रूम से रखी जाएगी नजर, जुड़े सभी सेंटर, पिछले वर्ष चार कम थे केंद्र, तैयारी पूरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 16 फरवरी से होने जा रही है। जिले में इस परीक्षा में इस बार एक लाख 25 हजार 248 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। बोर्ड ने इस बार यहां 218 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। राजकीय इंटर कालेज में बनाए गए कंट्रोल रूम से परीक्षा पर नजर रखी जाएगी।

गत वर्ष जनपद में हाईस्कूल एवं इंटर की बोर्ड परीक्षा में एक लाख 13 हजार 772 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनके लिए 214 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस बार 11 हजार 476 परीक्षार्थी बढ़ गए हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में इस बार 62028 तथा इंटरमीडिएट में 63220 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। जीआइसी में बनाए गए कंट्रोलरूम से सभी परीक्षा केंद्रों को जोड़ दिया गया है। यहां पर 16 कंप्यूटर लगाए गए हें। डीएम



परीक्षा केन्द्र पर डेस्क पर स्लिप चस्पा करते अध्यापकगण।

डा. नितिन बंसल ने हाल ही में बैठक कर केंद्र व्यवस्थापकों व अन्य मजिस्ट्रेटों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को कहा है। डीआइओएस डा. ओपी राय ने बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षा में 11 हजार से अधिक परीक्षार्थी बढ़ गए हैं। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

कहीं भी गड़बड़ी मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पहले दिन हिन्दी प्रथम प्रष्न पत्र का पेपर है। परीक्षा केन्द्रों के कक्षों में आज सीटिंग प्लान चस्पा किया गया। हर परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं तथा परीक्षा केन्द्रों पर सीसी कैमरे लगाए गये हैं जिसकी मानीटरिंग जिला मुख्यालय व प्रदेष मुख्यालय से होगी। शहर के तिलक इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि इस परीक्षा केन्द्र पर हाईस्कूल के 270 व इंटर के 274 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। कालेज के वरिष्ठ षिक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा केन्द्र पर सह केन्द्र व्यवस्थापक के रुप में राम नगर अठगवां के प्रमोद कुमार तिवारी तथा स्टेटिक मजिस्टेज्ट के रुप में लेखपाल अक्षय लाल यादव तैनात किये गये हैं। प्रष्न पत्रों को डबल लाक में रखा गया है।

## तीन परीक्षा केंद्र में हाई स्कूल के 914 व इंटर के 1047 छात्र देंगे परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** यू0पी0 बोर्ड द्वारा संचालित हाई स्कूल की गुरुवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में कालेज प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था की तैयारी पूरी हो गई जिसमें विकास खण्ड कालाकांकर के हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर में केंद्र ब्यवस्थापक कैप्टन शमशाद अहमद के मुताबिक हाई स्कूल की प्रथम पाली हिंदी के पेपर में 9 कमरे में 238 व दूसरी पाली इंटर के हिंदी पेपर में 12 कमरे में 332 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

इसी क्रम में जनता इंटर कालेज आलापुर कालाकांकर में 9 कमरे में हाई स्कूल के 205 परीक्षार्थी हिन्दी प्रश्नपत्र व इंटर के 6 कमरे में 444 परीक्षार्थी हिंदी प्रश्नपत्र की परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा देंगे। इसी तरह ब्लाक कालाकांकर के वीरेंद्र सिंह स्मारक इंटर कालेज जनवामऊ में हाई स्कूल इंटर की यूपी बोर्ड परीक्षा में 15 कमरे में 471 परीक्षार्थी हाई स्कूल हिंदी प्रश्नपत्र व इण्टर की दूसरी पाली में हिंदी प्रश्नपत्र के 271 परीक्षार्थी 10 कमरे में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा देंगे।

# एस डी एम ने तहसीलदार के साथ भयहरणनाथ धाम का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एस डी एम जीतेन्द्र पाल ने तहसीलदार सदर अरविन्द कुमार के साथ 23 वें महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेले के सन्दर्भ में स्थलीय भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धाम के अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल व स्वच्छता प्रभारी नीरज मिश्र ने मेला व मन्दिर क्षेत्र की सभी व्यवस्थाओं से अवगत कराया। एस0डी0एम0 ने जल निगम विद्युत विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यों प्रगति शून्य होने पर असंतोष जाहिर करते हुए सम्बन्धितों को अबिलम्ब

### महाकाल महोत्सव का आज होगा शुभारंभ



भयहरणनाथ धाम का जायजा लेते एसडीएम व तहसीलदार।

समुचित कार्य कराये जाने का निर्देश दिया।

उन्होने कहा कि कार्यकर्ता व पुलिस अपनी उत्तम व्यवस्था करें। जिससे जन सामान्य को सुविधा हो। उन्होने कहा कि कोई नवीन परम्परा नही कायम होगी। कन्ट्रोल रूम में एक स्थान से ही मुख्य पर्व पर निगरानी व सुव्यवस्था कार्य सम्पन्न होगा। भयहरणनाथ धाम के महासचिव समाज शेखर की महाशिवरात्रि मेला व महाकाल महोत्सव के सम्बन्ध में जिलाधिकारी के साथ हुई मुलाकात में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आश्वस्त किया है कि महाशिवरात्रि मेले के बाद इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर कराया जायेगा।

उन्होने कहा कि धाम की भूमि पर अनाधिकार कब्जा व बकुलाही नदी के अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र कराया जायेगा। बता दें कि प्रसिद्ध पाण्डव कालीन भयहरणनाथ धाम में 23 वें महाकाल महोत्सव का भव्य शुभारम्भ भगवान भयहरणनाथ महादेव के रूद्राभिषेक से सम्पन्न होगा। इस अवसर पर संत समागम व वरिष्ठ पत्रकार मत्स्येन्द्र प्रभाकर कृत श्री हनुमत चरित पुस्तक का पदार्पण भी होगा। महासचिव समाज शेखर ने बताया कि इस अवसर पर संत महात्माओं के अलावा अतिथि के रूप में सांसद प्रतापगढ संगम लाल गुप्त, विधायक फाफामउ गुरू प्रसाद मौर्य सहित प्रमुख जन प्रतिनिधियों तथा पुलिस व प्रशासन के अधिकारी गण मौजूद रहेंगे।

## अधेड़ की हत्या के विरोध में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से किया इनकार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के माउ पट्टी पाटीहार निवासी जगन्नाथ यादव की हत्या के मामले को लेकर परिजनों ने शव का अंतिक सस्कार करने से इंकार कर दिया जिसको लेकर पुलिस प्रषासन में हड़कंप मच गया। पूरा गांव छावनी में तब्दील हुआ है। बता दें कि रामखेलावन यादव (57) वर्षीय मंगलवार को शादी विवाह में मिठाई व खाना बनाने के लिए बाइक से अपने पुत्र के साथ राजापुर विधन थाना महेशगंज जा रहे थे कि अनन्या ताजपुर शेरगढ़ कोतवाली कुन्डा दोपहर लगभग 11 बजे पँहुचे थे कि सामने से दो बाइक पर सवार तीन युवक सामने आ गए और

### पुलिस प्रशासन में मचा हड़कम्प, छावनी में तब्दील हुआ गाव

बाइक रोकने के लिए कहा जिस पर जगन्नाथ अपनी बाइक से उतरकर बाइक सवार युवक से अपना उधार दिया हुआ पैसा वापस मागने लगे जिस पर बाइक सवार युवकों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे और मारपीट के दौरान तीनो आरोपियों ने जगन्नाथ का गला दबा दिया जिससे मुँह से खून निकल आया और मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को जगन्नाथ का शव घर पहुचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और सड़क पर शव रखकर जाम करने की बात करने लगे जिसकी खबर मिलते है भारी संख्या में मौके पर कुन्डा सर्किल क्षेत्र की पुलिस बल पहुँच गई और देखते देखते पूरा गाव छावनी में तब्दील हो गया मौके पर सीओ कुन्डा अजीत प्रताप सिंह, कुंडा कोतवाल, उदयवीर सिंह मानिकपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय व नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी दल बल के साथ पहुँच गए परिजन लोग नामजद अभियुक्तो को तहरीर देने के बाद गिरफ्तारी न करने की बात करने लगे। दोपहर लगभग 12 बजे एसडीएम कुंडा सतीशचंद्र त्रिपाठी व सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के पहुँचने पर पुलिस प्रशासन को राहत मिली।

# विभिन्न मांगो को लेकर वकीलों का विरोध प्रदर्शन, तहसील गेट पर की नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम समेत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को वकीलों ने यहां सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज भी जारी रखा और मांगो को लेकर सरकार का ध्यानाकर्षण करते दिखे। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तथा बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन व युवा अधिवक्ताओं को पुस्तकालय प्रोत्साहन भत्ता की मांगो को लेकर वकील आंदोलित हैं।

बुधवार को बार कौंसिल के आहवान पर वकीलों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। मांगो के समर्थन में सैकडो अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में तहसील कैम्पस मे नारेबाजी करते प्रदर्शन शुरू किया। इसके बाद वकीलों का जत्था नेशनल हाइवे के तहसील गेट पर पहुंचा। यहां भी अधिवक्ताओं ने घंटो नारेबाजी कर मांगो को लेकर हुंकार भरी। रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बार कौसिल के साथ कई अधिवक्ता संगठन वकीलों की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की लगातार मांग कर रहे हैं। उन्होनें कहा कि सरकार वायदे के बावजूद अधिवक्ताओं से जुडी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए गंभीर नही है। उपाध्यक्ष बीके तिवारी ने इन मांगो न माने जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। वकीलों के विरोध प्रदर्शन को देख तहसील कैम्पस मे घंटो अफरातफरी का माहौल दिखा। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, विकास मिश्र, रामलगन यादव, धीरेन्द्र शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, प्रवीण यादव, आशीष तिवारी, विपिन शुक्ला, सुशील शुक्ला, राकेश शुक्ला, दिनेश सिंह, आनंदमोहन श्रीवास्तव, करूणा शंकर मिश्र, लाल विनोद प्रताप सिंह, राहुल मिश्र, सिंटू मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, शारदाबक्श सिंह, राजेश दुबे, टीपी यादव, मो. ईशा, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मनीष क्रांतिकारी, सुधाकर मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

### जमीनी विवाद को लेकर जान से मारने की दी धमकी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के श्रीनाथपुर निवासी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरा दिमागी संतुलन ठीक नहीं था उसी समय बीते विगत वर्ष मेरी मां से जमीन लिखवा लिए थे जब हमारा दिमाग सही हुआ तो हम न्यायालय की शरण में गए न्यायालय में मामला विचाराधीन है लेकिन आरोपी मुझे और मेरी मां को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

## एमडीपीजी कालेज में नकल करते दो धराए

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में बी एड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में महाविद्यालय के उड़ाका दल ने दो छात्राओं को नकल करते पकड़ा। दोनों पारियों में कुल 40 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली में नंदिनी महाविद्यालय के ही 30 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। एमडी पीजी कॉलेज में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देश पर गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी के उपरांत कमरों में प्रवेश दिया जा रहा है। महाविद्यालय के उड़ाका दल द्वारा परीक्षा कक्ष में भी परीक्षार्थियों की आवश्यक तलाशी ली जा रही है। आज प्रथम पाली में बीएड की दो छात्राएं कक्ष संख्या दो एवं कक्ष संख्या तीन में सीरीज लेकर नकल करते पकड़ी गई जिनकी उत्तर पुस्तिका को प्राचार्य के निर्देश पर सील कर दिया गया। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रथम पाली में दो छात्राएं नकल करते पकड़ी गईं।

# जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपनी दिखाई प्रतिभा

### आज प्रभारी मंत्री द्वारा होगा खेल स्पर्धा का समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संगम फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने आज जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

अध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा का समापन प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया तथा पदक प्राप्त किया। सांसद खेल स्पर्धा में आज कबड्डी तथा खो-खो प्रतियोगिता आयोजित हुई कबड्डी जूनियर वर्ग में बालिका टीम मंगरौरा प्रथम तथा गौरा की टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कबड्डी सीनियर वर्ग में बालिका सदर प्रथम तथा आसपुर देवसरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



विजेता खिलाड़ियों के साथ संगम फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता व अन्य।

उन्होंने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग बालिका में सदर ने प्रथम तथा आसपुर देवसरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो सीनियर वर्ग बालक में लक्ष्मणपुर प्रथम तथा सांगीपुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।संगम फाउंडेशन के अध्यक्ष के निरीक्षण के समय वरुण प्रताप सिंह पूर्व भाजयुमो महामंत्री काशी प्रांत, आयोजन समिति के सदस्य समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, आयोजन समिति के सदस्य अभिषेक पांडे, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र समर बहादुर सिंह, पूर्व सहायक सूचना निदेशक आरबी सिंह, युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, सुनील सिंह, मंजू सिंह, सुदीप पांडे, राजेश सिंह, भूपेंद्र, आशुतोष सोनी, पवन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# व्यापार मण्डल के आश्वासन पर धरना खत्म, खुली दुकानें

### रामापुर बाजार में व्यापारी के प्रतिष्ठान पर हुई थी बमबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रामापुर बाजार में मिष्ठान व्यवसाई विजय कुमार के प्रतिष्ठान पर बदमाशों द्वारा बमबाजी को लेकर चल रहे धरना प्रदर्षन को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी अपने प्रतिनिधिमण्डल के साथ बाजार पहुंचे।

बाजार के पदाधिकारियों व व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष को घटना की पूरी जानकारी देते हुए पुलिस प्रशासन से समुचित सुरक्षा के साथ, अविलंब सख्त से सख्त कार्रवाई कर अपराधियों को जेल के सलाखों के अंदर पहुंचाने के मांग का पुलिस-अधीक्षक संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष एवं बाजार



क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देते व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण।

पदाधिकारी, व्यापारियों ने क्षेत्राधिकारी महोदय को दिया, जिसपर जिलाध्यक्ष ने क्षेत्राधिकारी से अब तक के हुए समस्त प्रशासनिक कार्यवाही से अवगत होकर व्यापारियों की सुरक्षा और अपराधियों पर सख्त कार्यवाही के लिए कहा जिस पर धरना दे रहे व्यापारियों ने धरना समाप्त कर अपनी दुकानें खोलीं।

इस मौके पर प्रतिनिधि मण्डल के जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चन्द्र केसरवानी, जिला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल, बाजार अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अमित वैश्य, पिंटू, दिनेश, रामबाबू, विनय सोनी, उमेश, कृष्ण कुमार, पवन, सुनील, ग्राम प्रधान शान मोहम्मद, दीपक कुमार, सुरेश मिश्र, जेपी दुबे, अरुण कुमार, राजेश सोनी, श्री राम, दाऊ, रविंद्र, आशीष, नन्हे शर्मा, असगर अली, डॉक्टर बंगाली, महेश, राकेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मदन गुप्ता, मुरलीधर, नीतीश चंद्र, मोहम्मद अजीज, अजय सोनी व अनुज सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

### व्यापारी को मिली जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के व्यापारी पर तमंचा सटाकर अज्ञात बदमाशो ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार की रात केस दर्ज कर जांच में जुट गई। स्थानीय कोतवाली के शीतलमऊ निवासी व्यापारी जय कौशल पुत्र विजय कौशल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह खजुरी के समीप नेशनल हाइवे पर स्थित अपने प्रतिष्ठान से बीती दस फरवरी को शाम साढ़े चार बजे घर आ रहा थे। जैसे ही वह पूरे हरिकिशुन गांव के समीप पहुंचे कि रास्ते में दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशो ने तमंचे की नोंक पर उन्हें रोक लिया और आरोपियो ने पीडित को तमंचे के बल पर धमकी देते हुए कहा कि सुधर जाओ नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात दो बदमाशो के खिलाफ धमकी का केस दर्ज कर लिया है।

# हाई स्कूल व इंटर के छात्रों की विदाई समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के जनता इण्टर मीडिएट कालेज आलापुर कालाकांकर में हाई स्कूल व इंटर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह शुभकामनाओ के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, ज्योति मौर्या, रैंशी अग्रहरि, ज्योति विश्वकर्मा, मोहनी मौर्या के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद कुमार द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके और पुष्प अर्पित करके किया गया स्कूल के समस्त स्टाफ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि दिगंबर नाथ को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा-11 की छात्राओं द्वारा कक्षा-12 की छात्राओं को पुष्प गुच्छ भेंट किया तथा कक्षा 10 की छात्राओं को रोली चंदन लगाकर आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी गई। प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में आगामी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले कक्षा 10 व 12 के समस्त परीक्षार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दिया तथा कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से उनके साथ विद्यालय के शिक्षकों, उनके माता पिता, उनके गांव, क्षेत्र और जनपद का मान सम्मान बढ़ेगा। गत सत्र में हाईस्कूल व इण्टर में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को रेन्जर सायकिल, शील्ड,मेडल से सम्मानित किया गया। पवन कुमार सिंह, राधेश्याम मौर्य, संजीव तिवारी, विपिन तिवारी, गोपाल स्वरूप पाठक,अखिलेश मौर्य आदि द्वारा अपने उद्बोधन में छात्राओं को अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामना दी गई। इस अवसर पर समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नन्द लाल त्रिपाठी व बच्चों द्वारा सँयुक्त रूप से किया गया।

## अट्ठाइसवे घुइसरनाथ धाम एकता महोत्सव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

### एसडीएम व सीओ ने तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

### भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा का भी दिखेगा जलवा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को अट्ठाईसवे बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियां का एसडीएम व सीओ ने जायजा लिया। एसडीएम की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों व महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक हुई। जिसमे व्यवस्था को लेकर मंथन हुआ। इस बार भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह के साथ रवि त्रिपाठी का कार्यक्रम महोत्सव में चार चांद लगाएगा। महोत्सव में नेहरू युवा केंद्र समेत कई कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां पेश करेंगे। बाबा धाम में हुई बैठक में प्रशासनिक व स्थलीय तैयारियों को लेकर एसडीएम सौम्य मिश्र ने सुरक्षा व चिकित्सा शिविर एवं प्रकाश व्यवस्था, सई नदी तट पर बांस-बल्ली, साफ सफाई के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन को लेकर विभिन्न सुविधाओं पर विचार विमर्श किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से बैठक मे शामिल हुए।

# धर्म परिवर्तन कर शादी करने से इनकार करने पर युवती की पीट-पीटकर हत्या

### सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में घंटों चली पंचायत में सुनाई गई तालिबानी सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** धर्म परिवर्तन कर शादी करने से इनकार करने पर भरी पंचायत में पीट-पीटकर एक युवती की हत्या कर दी गई है जिसने भी इस तालिबानी सजा की दास्तान सुनी उसके रोंगटे खड़े हो गए हैं मामला पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र का है प्रेम के दिन के रूप में पहचान रखने वाले वैलेंटाइन डे दिन लव जिहाद का शिकार बनाकर एक युवती को मौत के घाट उतार दिया। हिंदू नेताओं ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायत करने वाले और तालिबानी सजा देने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है घटना में तहरीर देते हुए मृतका की मां श्रीमती पत्नी श्री राम सिंगार सिंह निवासी ग्राम चचया थाना नगरा जिला बलिया ने बताया कि मेरी पुत्री चंदा सिंह पत्नी स्वर्गीय दुर्गेश सिंह को पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मीरदहन का पुरवा गांव निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र हुसैन अच्छा जमीन और व्यवसाय दिलाने के नाम पर कौशांबी बुला लाया था। पहले पति के मौत के बाद एक करोड़ की संपत्ति बेचकर युवती कौशांबी आई थी जिसने यहां पर उसके पैसे भी ले लिया और उसे एक जमीन भी दिला कर मकान बनवा दिया महिला ने बताया कि उसकी बेटी ने बताया था कि आरिफ ने खुद को हिंदू बता कर उसे साथ ले आया था एक सप्ताह पूर्व मेरी बेटी ने फोन किया था कि मीरदहन के पुरवा में एक पंचायत बुलाई गई थी। जिसमें एक मौलवी ने उन्हें धर्म परिवर्तन कराकर इस्लाम स्वीकार करने की बात कही मेरी बेटी ने यह स्वीकार नहीं किया जिसके बाद उन्होंने उसके साथ मारपीट की थी। इस पंचायत में मीरदहन का पुरवा के आबिद अली, तरन्नुम बानो, तबस्सुम बानो, हुसैन, वाजिद अली, अली अहमद, महमूद खान, महबूब, कुदरत, बन्ने, नवाब सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। नहीं मानने पर उसको पंचायत में मारा-पीटा गया था युवती के मां का कहना है कि गत रात्रि मेरे पास फोन आया कि आपकी बेटी मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गयी है जिसे अस्पताल ले जाया गया है। यहां आने पर पाता चला कि उसकी मौत हो गई। मामले में दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया हैआरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## पानी के खंती में मिली मूकबधिर की लाश

### कई दिनों पूर्व सोशल मीडिया में गुमशुदा का वायरल किया गया था पोस्टर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पिपरी कोतवाली के चायल कस्बा के एक मूकबधिर व्यक्ति की बुधवार की सुबह पानी के खंती में लाश मिली है उसकी डूबने से मौत हो गई है या फिर उसके साथ कोई अनहोनी घटना हुई है मामले की सूचना लगते ही परिजनों समेत आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मूकबधिर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी कोतवाली क्षेत्र के चायल कस्बा निवासी यूनुस पुत्र स्व रसूख अहमद का



दिमागी संतुलन ठीक ना होने कारण इधर-उधर भटकता रहता था घर से अक्सर गायब रहने के चलते घर वालों ने यूनुस का गुमशुदा का पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था बुधवार की सुबह लालापुर स्थित एक खंती नुमा तालाब में यूनुस का शव मिला है शव मिलने की जानकारी परिजनों को लगी मामले की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीण भी मौके पर एकत्रित हो गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई यूनुस की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया सूचना पर पहुंची पिपरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया यूनुस की मौत कैसे हुई है।

## नजदीकी सरकारी अस्पताल में घायलों का नहीं हो रहा मेडिकल जांच !

### दर्द से तड़पते खून से लथपथ घायल मरीजों को ब्लॉक के अस्पताल में भेजकर पीछा छुड़ाते हैं चिकित्सक

**कोखराज कौशाम्बी।** मारपीट हमले के मामलों में घायल पुलिस केस के पीड़ितों का मेडिकल जांच नजदीकी सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा नहीं किया जाता है बल्कि ब्लॉक और तहसील स्तर के अस्पतालों में खून से लथपथ दर्द से कराहते घायलों को भेजकर सरकारी अस्पताल के चिकित्सक घायलों की जांच करने से पीछा छुड़ाते हैं जिससे खून से लथपथ लोग कई कई घंटे दर्द से कराहते रहते हैं चिकित्सकों का यह कारनामा जिले में इन दिनों आम बात हो गई है पुलिस केस के मामले में घायलों को मेडिकल परीक्षण जांच की व्यवस्था थाने के नजदीक सरकारी अस्पतालों में किए जाने की जरूरत है लेकिन इस मामले की व्यवस्था में सुधार करने के लिए पीड़ितों की मदद करने के लिए अभी तक लंबी चौड़ी डींग हांकने वाले जनप्रतिनिधियों ने भी आवाज बुलंद नहीं की है जिला प्रशासन से लेकर सरकार तक का ध्यान आकृष्ट करा कर नजदीकी सरकारी अस्पतालों में घायलों का मेडिकल परीक्षण जाँच कराए जाने के आदेश जारी किए जाने की पहल न किए जाने से प्रतिदिन घायल दर्द से कराहते देखे जाते हैं लेकिन घायलों के दर्द की परवाह जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ हाला हाकिम को भी शायद नहीं है पुलिस केस के मामले में घायलों को मेडिकल परीक्षण कराए जाने के प्रकरण में सबसे अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज के चिकित्सकों की निर्दयता देखी जाती है कोखराज थाना पुलिस द्वारा घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल मूरतगंज में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जाता है तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज के चिकित्सक घायलों का मेडिकल परीक्षण नहीं करते हैं बल्कि यह कह कर चिकित्सक घायलों को वापस भेज देते हैं कि सिराथू तहसील क्षेत्र का मामला है और इन घायल लोगों का मेडिकल परीक्षण जांच सिराथू तहसील के ही सरकारी अस्पताल में होगा चिकित्सकों का कहना है कि कोखराज क्षेत्र के जिस गांव की तहसील सिराथू लगती है उस गांव के पुलिस केस के मामले में घायल लोगों का मेडिकल परीक्षण भी सिराथू सरकारी अस्पताल में किया जाएगा एक बार घायल थाना के नजदीक मूरतगंज अस्पताल जाता है फिर उसे वहां से 25 किलोमीटर दूर वापस सिराथू अस्पताल भेज दिया जाता है जिससे दो अस्पतालों की दूरी तय करने के दौरान घायल तड़पते देखे जाते हैं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने डीएम सीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिस थाने से नजदीक सरकारी अस्पतालों में मेडिकल परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए जाने की मांग की है।

## 2 दिन में 18 हरे फलदार पेड़ काटकर 27 ट्रैक्टर लकड़ी उठा ले गए माफिया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पेशेवर लकड़ी माफियाओं पर पुलिस से लेकर वन विभाग तक कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं जिससे हरियाली को गहरा संकट दिखाई पड़ रहा है एक तरफ योगी सरकार धरती को हरा-भरा करने के लिए वृहद पौधारोपण का अभियान चला रही है तो दूसरी तरफ लकड़ी माफिया विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से धरती को वीरान करने में लगे हुए हैं पेशेवर लकड़ी माफियाओं पर कठोर कार्यवाही कर उनकी कमर तोड़ने का प्रयास थाना पुलिस से लेकर वन विभाग कई वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं कर सका है जिससे पेशेवर लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और प्रतिदिन दर्जनों मजदूर को लेकर इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन के साथ वह हरे फलदार पेड़ों को काटने पहुंच जाते हैं और हरे फलदार पेड़ को काटकर उनकी लकड़ियों को ट्रैक्टर में लादकर आरा मशीनों तक पहुंचा देते हैं। दो दिन पूर्व मंझनपुर रेंज क्षेत्र के करारी थाना अंतर्गत दरियापुर गांव के एक पुरवा में आम और महुआ के आठ हरे फलदार पेड़ को पेट्रोल इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से काटकर टिर्रा नाम का लकड़ी माफिया उठा ले जाने में कामयाब हो गया है बताया जाता है कि 12 ट्रैक्टर से लकड़ियाँ ले जाई गई है लेकिन उसके बाद भी वन विभाग से लेकर पुलिस विभाग तक हरे पेड़ के कटान और उनके परिवहन की जानकारी नहीं लग सकी है इससे समझा जा सकता है कि हरे पेड़ों के कटान को रोकने के प्रति पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारी कितने गंभीर हैं। दरियापुर गांव के पुरवा में

**टिर्रा नाम के लकड़ी माफिया द्वारा बीते कुछ वर्ष में हजारों हरे फलदार पेड़ काटने के बाद भी नहीं हो सकी कार्यवाही**



पेड़ काटने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है कि मंझनपुर रेंज क्षेत्र के करारी थाना अंतर्गत रिजवी कॉलेज के बगल में फिर महुआ और आम के दस हरे विशाल फलदार पेड़ को टिर्रा लकड़ी माफिया ने मजदूरों को लेकर इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से काटना शुरू कर दिया है शनिवार के दिन सुबह से ही दर्जनों मजदूरों को लेकर इलेक्ट्रॉनिक पेट्रोलिंग आरा मशीन के साथ रिजवी कॉलेज के पास हरे पेड़ को काटने में टिर्रा लकड़ी माफिया पूरे दिन लगा रहा बताया जाता है कि रिजवी कॉलेज के बगल से भी लगभग 15 ट्रेक्टर हरी लकड़ियों को उठा ले जाने में लकड़ी माफिया कामयाब हो गए हैं। इसके पहले भी करारी थाना से चौराहे की ओर कुछ दूरी पर आम महुआ शीशम की बाग से 2 दर्जन से अधिक हरे फलदार पेड़ दिनदहाड़े इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से काट दिए गए थे शिकायत के बाद भी लकड़ियां चली गई पुलिस से लेकर वन विभाग ने टिर्रा नामक लकड़ी माफिया पर कार्यवाही नहीं की है।

## दो दलितों के घर में लगी विकराल आग गृहस्थी जलकर खाक

### परिजनों ने भागकर बचाई जान 10 बकरियों की जलकर हुई मौत, गेहूं चावल बर्तन कपड़ा बिस्तर साइकिल समेत लाखों रुपए की गृहस्थी जलकर हुई खाक

**अखंड भारत संदेश**

**बैरमपुर कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोरीपुर गांव में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया आग की तेज लपट देखकर परिजनों ने घर से भागकर जान बचाई है लेकिन अग्निकांड के विकरालता के चलते घर के अंदर बंधी 10 बकरियां जलकर मौत के मुंह में चली गई है दलित के घर में रखा कई कुंटल गेहूं चावल अनाज नगद रुपया साइकिल कपड़ा बर्तन और अन्य सामान जल खाक हो गया है बिकराल आग ने पड़ोसी के घर को भी अपने आगोश में ले लिया जिससे उसके घर का भी अनाज कपड़ा आदि सामान जल गया है ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है सूचना तहसील और थाना पुलिस को पीड़ित परिजनों ने दे दी है आग बुझाने के दौरान गांव के 2 लोग झुलस गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोरीपुर गांव निवासी



आगजनी का हृश्य

लक्ष्मण पासी पुत्र वासुदेव के दूसरे घर में जिस घर में उनके बेटे बहू रहते थे उसमें बुधवार की सुबह लगभग 6:00 बजे अचानक आग लग गई आग



आग बुझाते ग्रामीण

तेज लपट देखकर गांव के लोगों ने हो हल्ला मचाया आवाज सुनकर बचाव के लिए दलित बस्ती के लिए टूट पड़े हैंडपंप और तालाब से पानी लाकर आग बुझाने लगे जिस घर में आग लगी थी छोटे-छोटे बच्चे आग के लपेटे में आ गए ग्रामीणों ने जान पर खेलकर बच्चों को घर से बाहर निकाला और घण्टो कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया देखते देखते आग ने पड़ोसी घर गोरखा पुत्र बुदुल्ली पासी के घर को भी अपने आगोश में ले लिया गोरखा का भी घर जलने लगा ग्रामीणों ने गोरखा के घर की आग बुझाई लक्ष्मण के लड़के के घर में आग की घटना से 10 बकरियों की जलकर मौत हो गई है घर में रखा लगभग 5 कुंटल गेहूं चावल नगद रुपए कपड़ा बर्तन बिस्तर साइकिल समेत लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है आग के चलते मकान भी नष्ट हो गया है उसके सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है पड़ोसी गोरखा के घर में भी कपड़ा अनाज बर्तन आदि सामान जल गया है बताया जाता है कि आग बुझाने के दौरान गांव के 2 लोग झुलस गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने मंझनपुर तहसील और पश्चिम शरीरा थाना पुलिस को दे दी है।

## गंदगी से भर पट गया सराय अकिल बस अड्डा पर बना सार्वजनिक शौचालय

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल के अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं इस बात की गवाही बस अड्डा पर बना सार्वजनिक शौचालय चीख - चीख कर दे रहा है। सराय अकिल बस अड्डा पर बने सार्वजनिक शौचालय की दीवाल पर स्वच्छ सराय अकिल, स्वास्थ्य सराय अकिल लिखा हुआ है लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल ही अलग है।



सार्वजनिक शौचालय के अंदर की स्थिति बद से भी बदतर हो चुकी है जिसे देखकर लोगों को घृणा महसूस होती है। नगर पंचायत सराय अकिल के अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी भ्रष्टाचार में किस कदर लिप्त हैं बस अड्डा पर बने सार्वजनिक शौचालय के अंदर की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। बस अड्डा पर बने सार्वजनिक शौचालय में ना पानी की व्यवस्था है और ना ही साफ - सफाई की व्यवस्था है। सार्वजनिक शौचालय में सफाई व्यवस्था का उचित प्रबंध ना होने के कारण पूरा शौचालय गन्दगी से भर पट गया है और शौचालय के अंदर गंदगी का ढेर लगा हुआ है। अंदर की स्थिति देखकर ऐसा लगता है जैसे कि वर्षों बीत जाने के बाद भी शौचालय की सफाई व्यवस्था पर जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। अंदर की स्थिति बेहद खराब होने के कारण बस अड्डा पर आने वाले लोग बाहर ही मल - मूत्र त्याग कर चले जाते हैं जिससे नगर पंचायत सराय अकिल में गंभीर बीमारी फैलने का खतरा भी तेजी से मंडरा रहा है।

## डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

### लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाये जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के दिए निर्देश



समीक्षा बैठक को संबोधित करते डीएम



समीक्षा बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, खनन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत एव नगर निकायों से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति एवं सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं खनन अधिकारी को अवैध खनन के विरूद्ध नियमित रूप से कार्यवाही करने सुनिश्चित के निर्देश दियें। उन्होंने वाणिज्यकर, परिवहन, आबकारी, विद्युत तथा स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारियों कोतहसीलों से समन्वय कर आर0सी0 वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न किये जाने पर अधिशासी अभियंता विद्युत मंझनपुर व चायल, जिला आबकारी अधिकारी एवं सचिव मण्डी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को आर0सी0 की वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आर0सी0 वसूली के लिए एक नायब तहसीलदार को नामित करने के भी निर्देश दियें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### बडौदा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में लगाई चौपाल




**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में बडौदा ग्रामीण बैंक के मैनेजर सुरेन्द्र मौर्य अपने वरिष्ठ अधिकारी आर पी शर्मा एफ एल सी ,इश्वरी प्रसाद चौधरी एफ एल सी, बैंक ऑफ बड़ौदा ,व सहयोगी कर्मचारी उमेश मौर्य अन्य सहयोगियों के साथ चौपाल में ग्रामिणों को बैंक से फायदे आसान तरीके से लोन लेने के सम्बन्ध में जानकारी दी और तमाम लाभ लेने के गुण बताये चौपाल में कन्या सुमंगला सुकन्या समृद्धि योजना,बालिका सम्रद्धि योजना,धन लक्ष्मी योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी गयी मौक सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही ।बैंक से सबंधित समस्या को भी बडे लगनपूर्वक के साथ जनता की समस्या का भी निदान किया गया।

### पलक झपकते ही व्यापारी युवक की बाइक ले उड़े चोर

**लगातार हो रही चोरी को रोक पाने में विफल तेज तर्रार चौकी इंचार्ज भरवारी, इससे पहले दर्जनों चोरी की घटनाओं का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा**

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी क्षेत्र के नया बाजार निवासी एवम पूर्व स्व ब्यापरी नेता के पुत्र जितेंद्र कुमार केशरवानी की हीरो होंडा बाईक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मामला नया बाजार निवासी पूर्व स्व ब्यापारी नेता मिश्री लाल के पुत्र जितेंद्र कुमार का है वह बाजार से आकर अपने घर पर ताला बंद कर बाईक को खड़ी कर घर के अंदर गए ही थे कि पलक झपकते ही चोर बाईक ले उड़े कुछ ही मिनट में वापस आकर देखा तो उसकी बाईक नही थी जिसको आस पास देखा न मिलने पर पुलिस चौकी पहुंच कर चोरी गई बाईक की लिखित सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंची परंतु खाली हाथ ही वापस लौट आई आपको यह भी बता दे कि चोर बाईक को चुरा ले गए है लेकिन अपने पीछे चोरी की घटना को सामने दूकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद कर गए जो कि पुलिस के लिए एक आसान वा मजबूत सुराख दे गया जिसकी वीडियो क्लिप व्यापारी ने पुलिस को दिखा भी दिया। अब सवाल उठता है इतनी बड़ी चोरी को आसान या यह कहें कि अगर पुलिस चाहती तो वीडियो क्लिप के जरिए चोर तक पहुंच सकते थे उसके बाद भी चौबीस घंटे बीतने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी थाना कड़ाधाम पुलिस द्वारा तीन अभियुक्त नूर आलम पुत्र सफी अहमद. बृजलाल पुत्र रामखेलावन व. एजाज अहमद नवीरजा निवासीगण ग्राम दौलतपुर कसार थाना कड़ाधाम को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 600 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 500 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट थाना संदीपनघाट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मोतीलाल पुत्र ननकू लाल निवासी कुरई थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व0 असफीर्लाल निवासी खरौना थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम में एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी स्कूल में आज दिनांक 15/02/2023 को एकदिवसीय भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत संस्था के निदेशक संदीप सक्सेना ने फीता काट कर किया।इसके बाद प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने निदेशक को बुके देकर स्वागत किया।विज्ञान शिक्षक सुशील श्रीवास्तव ने प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव को बुके देकर प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में जूनियर कक्षाओं के बच्चों द्वारा मल्टीपरपज हार्वेस्टर,वालकेनो ईरप्शन,वायरलेस एनर्जी, जेसीबी,मेजर होम सिक्योरिटी डिवाइस,विंड एनर्जी,वाटर साइकिल,स्क्वायर बॉक्स कालीडोस्कोप आदि अनेक प्रकार के वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल,प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई जिसको देखकर मुख्य अतिथि एवं निदेशक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विज्ञान शिक्षक एवं समस्त बच्चों को ऐसी कार्यशाला के आयोजन की सराहना किया। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरांत सभी बच्चों से अनेक प्रश्न पूछे जिसका बच्चों ने सही सही जवाब दिया,निदेशक ने बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों




विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते निदेशक प्राचार्य व अन्य

के साथ साथ हेड मिस्ट्रेस श्रीमती निशी श्रीवास्तव,शिक्षक अवधेश मिश्रा अनिल मिश्रा सुधाकर सिंह रामसनेही श्रीवास्तव राकेश कुमार सिंह नागेंद्र द्विवेदी,सचिन त्रिपाठी,विवेक शंकर चतुर्वेदी शिवम केसरवानी विवेक केसरवानी,श्रीमती खुशबू गुप्ता,श्रीमति रश्मि पाठक श्रीमती रजनी श्रीवास्तव,श्रीमति साहिबा जरीन,श्रीमती पूनम सिंह सूरज मिश्रा,प्रियांशु मिश्रा दिव्या सिंह,अंकिता मैडम सहित समस्त अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक ग्राम प्रधान और 7 पंचायत सदस्य के रिक्त पद पर होगा चुनाव

**कौशांबी।** ग्राम पंचायत के रिक्त पदों पर चुनाव की घोषणा कर दी गई है सिराथू सरसवा नेवादा मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में प्रधान और सदस्यों के पद रिक्त हैं जिन पर चुनाव कराया जाना है चुनाव कराए जाने की घोषणा कर दी गई है 16 फरवरी को कार्यक्रम जारी करते हुए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी चुनाव से संबंधित समस्त कार्य संबंधित क्षेत्र पंचायत में होगा सिराथू तहसील क्षेत्र की रामपुर धमावा गांव में ग्राम प्रधान का एक पद रिक्त है जिस पर चुनाव कराए जाने की घोषणा सरकार ने कर दी है 16 फरवरी से चुनाव कराए जाने हैं। बसोहनी शमशाबाद पिंडरा सहावनपुर उमरावल हटवा रामपुर मडूकी दानपुर चित्तापूर ग्राम पंचायतों में सदस्य के रिक्त पद पर चुनाव कराए जाएंगे 16 फरवरी को चुनाव के कार्यक्रम जारी किए जाएंगे और 16 फरवरी से ही नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी।

## दुर्गा देवी स्कूल की संपत्ति बेचने वालों की कब गिरफ्तारी कराएगा प्रशासन!

### संस्था की संपत्ति बेचने के पहले जिला जज से आदेश लेने का मुख्यमंत्री ने दिया था निर्देश

**कौशाम्बी।** संस्था की संपत्तियों को बचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कानून में संशोधन करते हुए 16 मार्च 2021 को सरकारी गजट जारी किया है कि संस्था की संपत्ति को बेचने किराए पर देने आदि मामले के पूर्व जिला जज से आदेश लेना अनिवार्य होगा लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा घोषित किया गया सरकारी गजट का पालन कौशांबी जनपद में होता नहीं दिख रहा है एक जनप्रतिनिधि के संरक्षण में उनके गुर्गों द्वारा खुलेआम दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा की बेशकीमती जमीन को प्लॉट बनाकर करोड़ों में बेचना शुरू कर दिया गया है वर्षों बीत जाने के बाद भी दुर्गा देवी इंटर कालेज की संपत्ति बेचने वालों पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी आला हाकिम ने अभी तक नहीं कराई है जिससे दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा की संपत्ति बेचने वालों के हौसले बुलंद है और खुलेआम दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की संपत्ति को प्लाट बनाकर विक्रय किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो दुर्गा देवी इंटर कॉलेज संस्था की संपत्ति बेचने वालों को एक जनप्रतिनिधि का खुलेआम समर्थन प्राप्त है पर्दे की ओट से जनप्रतिनिधि भी संपत्ति की बिक्री की रकम से हिस्सेदार बताए जाते हैं जनप्रतिनिधि के हस्तक्षेप के चलते आला हाकिम कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं जिले के सभ्रान्त लोगों ने जिला प्रशासन से सवाल उठाया है कि आखिर मुख्यमंत्री के निदेर्शों के विपरीत दुर्गा देवी इंटर कालेज की संपत्ति बेचने के मामले में अब तक मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं कराई गई है जनपद मुख्यालय मंझनपुर से सटे हुए दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा की संपत्ति बेचे जाने के मामले से अभी तक कैसे आला हाकिम अनजान रह गए हैं जबकि मुख्यमंत्री ने संपत्ति बंधक करने विक्रय करने दान करने विनिमय करने 5 वर्ष से अधिक अवधि का पट्टा अथवा अप्रतिसंहर्निय करने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई गई है मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा करना विधि सम्मत नहीं होगा लेकिन दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की संपत्ति को हस्तांतरण करने वालों पर क्या कार्यवाही की है दुर्गा देवी की संपत्ति को गलत तरीके से बेचे जाने के मामले में यह तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं दुर्गा देवी की संपत्ति बेचे जाने के मामले में अभी तक विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने भी संपत्ति को बचाने का प्रयास नहीं किया है जिससे उनकी निष्ठा पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे है। लोगों ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा की करोड़ों कीमत की संपत्ति को बचाए जाने की मांग की है।

## फटाफट खबरें

### एसपी से मिले भाजपा नेता: एनटी घासीराम की करतूतों की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सिद्धगोपाल अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से भेंटकर बताया कि नायब तहसीलदार मऊ घासीराम ने उनके खिलाफ 156(3) के तहत झूंठा मामला दर्ज कराया है। मामले में परिवार के सभी लोगों को फंसाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भरोसा दिया कि मामले की निष्पक्ष विवेचना की जायेगी। उन्हें न्याय मिलेगा।

बुधवार को भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सिद्धगोपाल अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से भेंटकर बताया कि मऊ में तैनात नायब तहसीलदार घासीराम ने रंजिशन 156(3) के तहत झूंठी रिपोर्ट 15 सितम्बर 2022 को दर्ज कराई है। रिपोर्ट में उनकी पुत्री व उन्हें तथा पत्नी व बच्चों को शामिल किया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि नायब तहसीलदार घासीराम के साथ अपनी पुत्री का विवाह धूमधाम से किया था। हैसियत स ज्यादा दान-दहेज देने के बाद भी घासीराम संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने दहेज के लालच में पुत्री को मायके छोड आये। इसके बाद उन्होंने तलाक का मुकदमा दायर कर दिया, तब उन्होंने भी लखनऊ में नायब तहसीलदार घासीराम के खिलाफ दहेज एक्ट का मामला दर्ज करा दिया। इससे खुन्नस खाकर उन्होंने 156(3) के तहत मऊ थाने में उन्हें समेत सभी परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है।

भाजपा नेता सिद्धगोपाल ने पुलिस अधीक्षक को पूरे मुकदमे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भरोसा दिया कि निष्पक्ष विवेचना कराई जायेगी। उन्हें न्याय मिलेगा।

### एमएलए अब्बास पहुंचा नये ठिकाने कासगंज जेल, एएसपी की अगुवाई में पुलिस टीम ने पहुंचाया कासगंज जेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को कडी सुरक्षा के बीच कासगंज के पचलाना जेल में शिफ्ट किया गया। आज दोपहर अपरान्ह दो बजे जिला पुलिस अब्बास को लेकर कासगंज पहुंची। 2.17 बजे पुलिस की गाडी पचलाना जेल के अन्दर दाखिल हुई। मेडिकल कराने के बाद अब्बास को जेल में दाखिल किया गया।

बुधवार को कडी सुरक्षा के बीच जिले की रगौली जेल से एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में विधायक अब्बास अंसारी को पुलिस टीम कासगंज की ओर ले चली। जेल गेट पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। आज सवेरे साढे पांच बजे पुलिस अब्बास को चित्रकूट जेल स कासगंज के लिए लेकर निकली थी। अब्बास को कैदी वाहन से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे होते हुए कासगंज ले जाया गया। काफिले में छह गाडियां मौजूद थीं। काफिले की अगुवाई एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी कर रहे थे। उनके साथ सीओ शीतला प्रसाद पाण्डेय समेत मऊ, सरधुआ, भरतकूप, मानिकपुर थाने की फोर्स मौजूद रही।

काफिले में तीस से ज्यादा पुलिस कर्मी शामिल रहे। रास्ते में आने वाले हर जिले और थाने की पुलिस को एलर्ट किया जाता रहा। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के रास्ते से अब्बास को ले जाया गया। चित्रकूट से कासगंज की दूरी लगभग पांच सौ किमी है। करीब साढे आठ घंटे के सफर के बाद पुलिस टीम अब्बास को लेकर कासगंज पहुंची। पांच दिन पहले जेल से अब्बास की पत्नी निखत को पकडा गया था। इसके बाद शासन ने चित्रकूट के जेलर समेत सात लोगों को निलम्बित किया था। इसी बीच अब्बास की जेल बदलने की संस्तुति की गई थी। मंगलवार शाम को शासन ने अब्बास को कासगंज जेल शिफ्ट करने की अनुमति दी थी। अब्बास की पत्नी निखत फिलहाल चित्रकूट जेल में ही बन्द रहेगी।

### हत्या के मामले में हाईकोर्ट ने दी दो को जमानत



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता क्रान्तिकिरन पाण्डेय की प्रभावी बहस के चलते मऊ थाने के औंझर गांव के हरिओम पाण्डेय व बबुआन उर्फ रामप्रकाश को विद्वान न्यायाधीश श्रीकृष्ण पहल ने धारा 306 व 323 आईपीसी के मामले में जमानत दे दी है।

बुधवार को मऊ थाने के औंझर गांव के रमाशंकर पाण्डेय ने 29 अक्टूबर 2022 को नाबालिग पुत्री के आत्महत्या एवं मारपीट के मामले में थाने में धारा 306 व 323 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में हरिओम पाण्डेय को सात जनवरी व बबुआन उर्फ रामप्रकाश को 21 दिसम्बर को जेल भेजा था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बबुआन उर्फ रामप्रकाश की जमानत 18 जनवरी 2023 एवं हरिओम पाण्डेय की जमानत 30 जनवरी 2023 को खारिज कर दी थी।

ये मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता क्रान्तिकिरन पाण्डेय के पास पहुंचा। उन्होंने मामले को उच्च न्यायालय में चैलेंज किया। हाईकोर्ट के विद्वान न्यायाधीश श्रीकृष्ण पहल ने युवा अधिवक्ता क्रान्तिकिरन पाण्डेय की बहस सुनकर पहली सुनवाई में ही दोनों आरोपियों को एक साथ जमानत देते हुए बडी राहत दी है। याचियों को अधिवक्ता पाण्डेय ने बताया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पंचायत नामा एक-दूसरे से सुसंगत नहीं पाये गये। याचियों को झूंठा फंसाया गया है। याची जमानत पाने के हकदार हैं। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता क्रान्तिकिरन पाण्डेय चित्रकूट जिले के स्थायी निवासी हैं। लोगों की मदद को ऐसे ही हमेशा तत्पर रहते हैं।

### रिश्वतके 6000 रुपए नहीं देने पर लेखपाल व संविदा कर्मी पर कार्रवाई की मांग

**नगीना। तहसील उप** निबंधक कार्यालय परिसर नगीना में दस्तावेज लेखक वीरेंद्र कुमार ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार को पत्र सौंपकर रिश्वत 6000 रुपए नहीं देने पर आय प्रमाण पत्र आवेदन निरस्त करने वाले हल्का लेखपाल के विरुद्ध तथा मौखिकी तौर पर एसडीएम कार्यालय मैं बैठे सभी संविदा कमीर्यों सहित तैनात अधिकारियों व मौजूद कंप्यूटर ऑपरेटरस के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम जहांगीरपुर खास उर्फ हैजरपुर निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र सरजीत सिंह तहसील उपनिबंधक कार्यालय परिसर में दस्तावेज लेखक का कार्य करता है, वीरेंद्र कुमार ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने 17 जनवरी 2023 को अपना आय प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन ऑनलाइन किया था जिसकी जांच के दौरान हल्का लेखपाल सुशील कुमार ने रिपोर्ट लगाने के के नाम पर दस्तावेज लेखक से 6000 रुपये की रिश्वत मांगी तो रिश्वत न देने पर लेखपाल ने सीधी धमकी दी थी कि मैं तुम्हारा आवेदन पत्र गलत रिपोर्ट लगाकर निरस्त कर दूंगा और मेरा तू और तेरा प्रशासन भी कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। तुझे जहां शिकायत करनी है कर ले तथा शिकायती पत्र में आरोप है कि हल्का लेखपाल सुशील कुमार ने मेरे विवाहित पुत्र पर मुझे आश्रित दिखाकर मेरा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया है जो सरासर गलत है जबकि मेरा विवाहित पुत्र अपने परिवार के साथ अलग रहकर अपनी आजीविका चला रहा है और मैं अपनी पत्नी सहित अपने परिवार को अपनी आय से अलग रहकर चलाता हूं। जिससे यह साबित होता है कि जो हल्का लेखपाल सुशील कुमार ने आय प्रमाण पत्र में जो रिपोर्ट लगाकर निरस्त किया है वह सरासर गलत है और सीधा मुझसे यह भी कहा है कि अगर तू उसी समय पर मुझे 6000 रुपये दे देता तो आज यह तेरा प्रमाण पत्र में निरस्त नहीं करता अब जा जहां तुझे जाना है चला जा अब तेरा सर्टिफिकेट कोई लेखपाल नहीं बनवा सकेगा और ना ही कोई अधिकारी बनवा सकेगा । इसी पर दस्तावेज लेखक ने कहा कि में इस सब की शिकायत नगीना एसडीएम से करूंगा तो इस पर लेखपाल साहब बोलते हैं कि जा जो तुझे करना है कर ले मेरा एसडीएम साहब भी कुछ नहीं बिगाड़ सकते क्योंकि में इस 6000 रुपये में से कुछ रकम एसडीएम साहब को भी जालती इसी पर लेखपाल साहब एक बात यह भी कहते हैं कि मैं ऐसे सभी सर्टिफिकेटस बनवाने के नाम पर उनका हिस्सा उनके ऑफिस में बैठे सभी संविदा कर्मियों सहित मौजूदा ।

## कडी सुरक्षा-सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होंगी बोर्ड परीक्षायें: डीआईओएस

# नकल कराने वालों पर लगेगी रासुका

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र स्वरुप ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज से संचालित हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाएं आज से जिले में बनाये 44 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरू होंगी। बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी जगह सुरक्षा व्यवस्था के चैकस प्रबंध किए गए हैं। इस बार जिले में 26755 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में बैठेंगे। इनमें हाईस्कूल में 15008 और इंटर में 11747 परीक्षार्थी शामिल है। इसमें हाईस्कूल में 7929 बालक और 7079 बालिकाएं परीक्षा देंगी, जबकि इंटर की बोर्ड परीक्षा में 6301 बालक 5446 बालिकाएं परीक्षा में सम्मिलित होंगी।



बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि बोर्ड परीक्षा शासन की मंशानुसार निष्पक्ष पारदर्शी व्यवस्था के तहत नकल विहीन कराई जाएगी। शासन और विभाग के निदेर्शानुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने को व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हर परीक्षा केंद्र में सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे, वॉइस रिकॉर्डर समेत लगाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक के अलावा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वहीं नकल रोकने को जिले को सात सेक्टर और चार जोन में बांटा गया है। हर जोन में उप जिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है, जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट की डयूटी में जिम्मेदार कर्मठ जिला स्तरीय अधिकारी तैनात किए गए हैं। शिक्षा विभाग ने नकल रोकने को पांच सचल दल परीक्षा के दौरान लगातार छापामारी करेंगे। इनमें जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, लेखा अधिकारी और प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद गुप्ता की अगुवाई में सचल दल गठित किए गए हैं। शिक्षा निदेशक ने मंडल स्तरीय सचल दल गठित किया है। जिसके प्रभारी मंसाराम पटेल, डिप्टी डायरेक्टर चित्रकूट धाम बांदा की ड्यूटी लगाई गई है। बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में 13 फरवरी को ही प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए हैं। प्रश्न पत्रों को पुलिस की सुरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस बार हाईस्कूल परीक्षा में एक अलग से व्यवस्था की गई है कि लिखित परीक्षा 70 अंक की होती है। इसमें 50 संघ की लिखित पेपर होगा और 20 अंक के उत्तर ओएमआर शीट में अंकित किए जाएंगे।

यानी इस बार हर विषय के तीन बंडल संकलन केंद्र में जमा होंगे। संकलन केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी को बनाया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल सभी परीक्षा केंद्रों से पुलिस की सुरक्षा में संकलन केंद्र लाकर जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस बार इमरजेंसी के लिए अतिरिक्त प्रश्न पत्र बोर्ड ने भेजे हैं। जिन्हें पुलिस की सुरक्षा में जीजीआईसी कर्वी में रखा गया है। यदि किसी परीक्षा केंद्र में प्रश्न पत्रों की कमी होगी तो यहां से प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। हर परीक्षा केंद्र में एक अलग कक्ष में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जिसमें सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी रामजन्म यादव को प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है। जीआईसी के शिक्षक चेतन्य यादव, नेहा द्विवेदी, प्रमोद पाल, प्रियंका पांडेय की डयूटी लगाई गई है। जिसके प्रभारी अनिल कुमार रहेंगे। कंट्रोल रूम में दो राजकीय कॉलेजों के प्रधानाचार्य लगाए गए हैं।

प्रथम पाली में छेदीलाल यादव और दूसरी पाली में डॉ अजय त्रिपाठी की डयूटी रहेगी। हर विद्यालय में सचल दल आंतरिक स्तर पर नकल रोकने को निरंतर निरीक्षण करते रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस बार नकल करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई होगी। नकल कराने में लिप्त पाए जाने वाले प्रधानाचार्य, कक्ष निरीक्षक या अन्य दोषियों के खिलाफ रासुका लगाई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड और शासन के नियम निदेर्शों की जानकारी के लिए परीक्षा के एक दिन पहले सभी केंद्र व्यवस्थापक की अध्यक्षता में कक्ष निरीक्षकों की बैठक कराई गई हैं, ताकि परीक्षा निर्विघ्न शांतिपूर्ण माहौल में नकल विहीन हो सके। इसी क्रम में चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में केंद्र व्यवस्थापक डॉ रणवीर सिंह चैहान व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक भानु प्रताप याज्ञिक ने सभी कक्ष निरीक्षकों की बैठक लेकर परीक्षा कराने को आवश्यक नियम निदेर्शों की जानकारी दी है। कक्ष निरीक्षक समेत कोई भी छात्र-छात्रा परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल, कैलकुलेटर आदि सामग्री नहीं लाएंगे। परीक्षा होने के एक घंटे पहले सभी को पहुंचना अनिवार्य किया गया है। इसी तरह सभी परीक्षा केंद्रों पर बैठकें करा ली गई हैं। बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। यहां पर परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, बीरेंद्र शुक्ला, विवेक तिवारी, विजय कुमार पांडेय, फूलचंद चंद्रवंशी, रामबचन सिंह, शंकर प्रसाद यादव, शक्ति प्रताप सिंह सेंगर, तीरथ पटेल आदि सभी आंतरिक व बाह्य कक्ष निरीक्षक मौजूद रहे।

## जिला मुख्यालय में मिलेगी अभ्युदय कोचिंग की सुविधा: डीएम

### सूचना विभाग परिसर में पडी सामग्री तत्काल हटवायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजकीय पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय (कोचिंग) योजना के तहत जो कोचिंग संस्थान बेडीपुलिया गोस्वामी तुलसी महाविद्यालय में चल रहा था, जिसमें बच्चों को आने-जाने में असुविधा होती थी। उनकी सुविधा को जिला मुख्यालय कर्वी में राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया।



बुधवार को जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खण्ड सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि राजकीय पुस्तकालय में अध्ययन कक्ष व लाइब्रेरी के लिए फालसीलिंग करायें। इसमें लाइटिंग की व्यवस्था सही होनी चाहिए। राजकीय पुस्तकालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के तहत सौ बच्चों को नीट, जेईई, सिविल सर्विसेज, एसएससी आदि परीक्षाओं के लिए कोचिंग की सुविधा दी जाती है। राजकीय पुस्तकालय के पीछे शौचालय बनवाए, ताकि पीछे का गेट बंद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि स्ट्डी रूम में फाल सीलिंग भी कराएं व राजकीय पुस्तकालय का रंगाई पुताई भी साथ कराएं। जो शौचालय के दरवाजे व खिड़कियां टूटी-फूटी हैं उसकी मरम्मत करायें। सीसीटीवी कैमरा भी लगवाए। उन्होंने जिला विद्यालय को निर्देश दिये कि जो कंप्यूटर अंदर रखे गए हैं उसको बच्चों को दिये जाए, ताकि वह अपनी पढ़ाई-लिखाई में उपयोग कर सकें। आरओ, वाटर कूलर व तीन-चार पेपर भी लगवाए। अधिशासी अधिकारी कर्वी से कहा कि कैम्पस को साफ-सुथरा लाइटिंग और अच्छा बनवाएं। जिला सूचना कार्यालय परिसर में जो अतिक्रमण की सामग्री पड़ी है, उसे तत्काल हटवायें तथा साफ-सफाई अच्छे से करायें। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देश दिये कि मुख्य गेट का सुंदरीकरण व ऊंचा कराए। निरीक्षण दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खण्ड सत्येंद्रनाथ, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, राजकीय जिला पुस्तकालय प्रभारी रश्मि बाजपेई समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डिजिटल गैलरी रामायण दर्शन का प्रसारण एक माह से ठप्प

### बुंदेली सेना ने जल्द शुरू कराने की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीर्थयात्रियों के लिए आकर्षण के केंद्र डिजिटल गैलरी रामायण दर्शन का प्रसारण पिछले एक महीने से ठप्प है। बुंदेली सेना ने सांसद से शिकायत कर रामायण दर्शन और लेजर शो जल्द शुरू कराने की मांग की है।




बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश स्कीम के तहत पावन तीर्थ चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा पर पर्यटकों एव श्रद्धालुओं की सुविधा को रामायण दर्शन-डिजिटल गैलरी का निर्माण पर्यटन विभाग ने कराया है। परियोजना की मंजूरी लागत 904.16 लाख स्वीकृति वर्ष 2018-2019 है। भगवान श्रीराम के मयार्दा पुरुषोत्तम जीवन पर आधारित 40 मिनट के शो का निर्माण पर्यटन विभाग ने कराया है। डिजिटल रामायण गैलरी-रामायण दर्शन में दो भाग हैं। प्रथम भाग में त्रिआयामी शो का प्रदर्शन किया जाता हैं। जिसमें रामायण के प्रसंगों को डिजिटल शो के रूप में प्रदर्शित किया जाता हैं।

अग्र भाग में चित्रकूट के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की जानकारी टच पैनल के माध्यम से पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाती हैं।

दस मिनट के होलोग्राफिक शो के माध्यम से रामायण का सार भी दिखाया जाता है। डिजिटल गैलरी रामायण दर्शन का प्रसारण पिछले लगभग एक माह से ठप्प है। बुंदेली सेना ने सांसद आरके सिंह पटेल से रामायण दर्शन और रामघाट में लेजर शो जल्द शुरू कराने की मांग की है।

### बस ने बाइक सवार को रौंदा मौत

**वाराणसी। चितईपुर** थाना क्षेत्र के सुंदरपुर में मंगलवार की दोपहर बारातियों से भरी बस की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक के पास से पुलिस को उसका आधार कार्ड मिला।जिला नाम रामजी धनराज शर्मा ( 55)था।वह महाराष्ट्र मुंबई थाणे का रहने वाला था।वह अपने भांजी की शादी में बनारस आए थे। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बस का चालक मिजार्मुराद क्षेत्र के बेनीपुर निवासी रविन्द्र कुमार विश्वकर्मा है।

एक्सीडेंट इतना भयानक था कि बाइक सवार युवक सड़क पर ही दम तोड़ दिया।रामजी अपने बाइक से लंका से सुंदरपुर की तरफ जा रहे थे।इसी दौरान बारात लेकर बिहार जा रही टूरिस्ट बस उनकी बाइक में टक्कर मार दी।रामजी बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े।इसी दौरान वह बस के पहिए के नीचे आ गए।पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के कुशल नेतृत्वग केश कुमारी राजकीय बा**लिका इण्टर कालेज सुलतानपुर में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के चार विद्यालयों केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राधारानी कृष्ण कुवंर बालिका इण्टर कालेज, के0एन0आई0सी0 करौंदिया, रामराजी सरस्वती बालिका इण्टर कालेज सुलतानपुर के छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में कन्या भ्रूण हत्या एवं नारी सशक्तिकरण विषय पर छात्राओं द्वारा अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। जिला कृषि अधिकारी सदानन्द चैधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0वर्मा द्वारा प्रथम स्थान साबरीन निशा, के0एन0आई0सी0 करौंदिया, द्वितीय स्थान अयुषी यादव रामराजी सरस्वती बालिका इण्टर कालेज सुलतानपुर, तृतीय स्थान अंशिका त्रिपाठी के0एन0आई0सी0 करौंदिया को गोल्ड, सिल्वर, कांस्य मेडल और प्रशिस्त-पत्र देकर एवं 10 छात्राओं को सान्त्वना पुरस्कार में पेन एवं डायरी दे कर पुरस्कृत किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटियों को प्रोत्सहित किया गया। तथा बेटियां अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने में अहम भूमिका निभा रहीं है। इस योजना का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। समाज तभी आगे बढेगा जब इन्हें सम्मान मिलेगा।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करना, बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना। जिसमें समाज में कुरीतियों को समाप्त किया जा सकें।

इस अवसर पर शैलेन्द्र चतुवेर्दी प्रवक्ता, श्रीमती मंजुला गुप्ता शिक्षिका, श्रीमती रेखा गुप्ता, महिला कल्याण अधिकारी, संतोष पाल, श्रीमती सरोज यादव, जिला समन्वयक संजय तिवारी एवं अन्य विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्रायें उपस्थित रही।

## स्टेडियम में जिम हाल का डीएम ने देखा निर्माण कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि 25 लाख रुपये की लागत से जिम हाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

बुधवार को डीएम अभिषेक आनन्द ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि वर्ष 2013 में बने स्टेडियम में स्ट्रेंथ टेजनिंग की व्यवस्था न होने से जिले के होनहार खिलाडियों को स्ट्रेंथ टेजनिग की सुविधा से वंचित होना पड रहा था। खेल प्रेमियों ने जिलाधिकारी को जानकारी दी थी। उन्होंने इस बारे में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव से जिम बनाये जाने का अनुरोध किया। खेल प्रेमी एवं युवाओं को सुविधायें देने को हमेशा तत्पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार



व अवर अभियंता को इस कार्य को करने के निर्देश दिये। 15 फरवरी को जिलाधिकारी ने भूमि चिन्हित कर जिला पंचायत अभियंता को गुणवत्ता के आधार पर जिम हाल का निर्माण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष की दी गई सौगात का खिलाडी एवं गणमान्य लोगों ने खुशी जताई। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, विवेक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, डॉ सुधीर अग्रवाल, मयंक गोयल, अशोक कुमार, पंकज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, शक्ति सिंह, अवधेश सिंह, श्यामसुन्दर, श्रीकृष्ण, अंगद सिंह, सपना देवी, सोनाली, सतीश आदि खेल विकास प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने इस कार्य को प्रेरित करने के लिए क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार को भी बधाई दी है। जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष को खास तौर पर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# विदेश संदेश

## अफ्रीकी देश इक्वेटोरियल गिनी में मारबर्ग वायरस का कहर, अब तक नौ की मौत

**मलाबो।** अफ्रीकी देश इक्वेटोरियल गिनी से दुनिया के लिए एक नई और बड़ी मुसीबत सामने आई है। इक्वेटोरियल गिनी में मारबर्ग वायरस का कहर टूटा है। वहां भारी संख्या में लोग बीमार हैं और अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। इस वायरस की चपेट में आने वालों की मृत्यु दर 88 फीसदी तक बताई गयी है। अफ्रीकी देश इक्वेटोरियल गिनी में मारबर्ग वायरस के संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बयान जारी कर कहा है कि मारबर्ग वायरस का इतने बड़े पैमाने पर यह पहला संक्रमण फैला है। प्रभावित इलाकों में एडवांस टीमें तैनात कर दी गई हैं, जो वायरस संक्रमितों की पहचान कर उन्हें आइसोलेट कर रही है और उन्हें इलाज भी मुहैया करा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्रीय निदेशक डॉ.मातशिदिसो मोइती ने बताया कि मारबर्ग वायरस का संक्रमण तेजी से फैलता है और इसके संक्रमण की मृत्यु दर 88 फीसदी तक जा सकती है। मारबर्ग वायरस, इबोला वायरस परिवार से ही संबंधित है। इसके संक्रमण के लक्षणों की बात करें तो इसमें मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द की समस्या होती है। कई मरीजों में संक्रमण के सात दिनों के भीतर हेमेरेजिक लक्षण भी दिख सकते हैं।




## न्यूजीलैंड में 6.1 तीव्रता का भूकंप, झटकों के 15 मिनट बाद ही 30 हजार लोगों ने दिया अलर्ट

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में गैब्रियल चक्रवात के बाद बुधवार सुबह ही भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 दर्ज की गई। बताया गया है कि भूकंप का केंद्र परमपराउमु द्वीप से 50 किमी उत्तर-पश्चिम में जमीन के 57 से 76 किमी नीचे था। यह झटके कितने तेज थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भूकंप के 15 मिनट के अंदर ही 31 हजार लोगों ने जियोनेट पर इसके महसूस होने की पुष्टि कर दी। न्यूजीलैंड के सिविल डिफेंस एजेंसी ने कहा कि भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। न ही सरकार ने इसे लेकर सुनामी की चेतावनी जारी की है। हालांकि, यहां रहने वालों का कहना है कि भूकंप से धरती करीब 10-20 सेकंड्स तक कांपी। कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें महसूस हो रहा था कि ट्रकों का एक बड़ा बेड़ा एक साथ निकल रहा हो।




## रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में 6000 यूक्रेनी बच्चे कैद, सियासी शिक्षा के जरिए 'ब्रेनवॉश' करने की कोशिश

**मास्को।** रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में लगभग 6,000 यूक्रेनी बच्चों को कैद होने की खबर सामने आ रही है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने एक यूएस समर्थित रिपोर्ट के हवाले से इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, इन बच्चों को पालने का उद्देश्य उन्हें पुतिन की सेना के द्वारा राजनीतिक शिक्षा देकर ब्रेनवॉश करना हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि येल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कम से कम 43 शिविरों और सुविधाओं की पहचान की है जहां यूक्रेनी बच्चों को रखा गया है जो यूक्रेन पर फरवरी 2022 के आक्रमण के बाद से मास्को द्वारा संचालित बड़े पैमाने पर व्यवस्थित नेटवर्क का हिस्सा थे।

शोधकर्ताओं में से एक नथानिएल रेमंड ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स के हवाले से बताया कि हमने जिन शिविर सुविधाओं की पहचान की है, उनका प्राथमिक उद्देश्य राजनीतिक शिक्षा देकर ब्रेनवॉश करने की कोशिश है। बच्चों में माता-पिता या स्पष्ट पारिवारिक संरक्षकता वाले लोग शामिल थे, जिन्हें रूस ने अनाथ माना था। अन्य बच्चे वे थे जो आक्रमण से पहले यूक्रेनी राज्य संस्थानों की देखभाल में थे और जिनकी हिरासत युद्ध के कारण अस्पष्ट या अनिश्चित थी।

इस बीच, यूक्रेनी अभियोजकों ने कहा है कि वे रूस के खिलाफ नरसंहार अभियोग बनाने के प्रयासों के तहत बच्चों के जबरन निर्वासन के आरोपों की जांच कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शिविरों की प्रणाली और रूसी परिवारों द्वारा अपनी मातृभूमि से लिए गए यूक्रेनी बच्चों को गोद लेना रूस की सरकार का सबसे क्रूर चेहरा प्रतीत होता है।

## कनाडा के राम मंदिर पर हमला, लिखे भारत विरोधी नारे

**ओटावा।** कनाडा के मिसिसॉगा स्थित राम मंदिर पर हमलाकर मंदिर को विरूपित किया गया है। हमलावरों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे हैं।इस हमले को खालिस्तान समर्थक समूहों का काम माना जा रहा है क्योंकि मंदिर की दीवारों पर लिखे नारों में सिख आतंकी भिंडरावाला को शहीद लिखा गया है। साथ ही भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है।

इस घटना से कनाडा में रहने वाले भारतवंशियो में रोष व्याप्त है। कनाडा में टोरंटो स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने राम मंदिर पर हमले की निंदा की है। भारतीय दूतावास ने कनाडा सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की है। महावाणिज्य दूतावास ने बयान जारी कर कहा कि हम मिसिसॉगा में राम मंदिर को विरूपित करने और उस पर भारत विरोधी नारे लिखने की निंदा करते हैं। हमने कनाडा की सरकार से मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है'।



कनाडा में हिंदू मंदिर को निशाना बनाने की यह पहली घटना नहीं है। इसी वर्ष जनवरी में कनाडा के ब्राम्पटन स्थित हिंदू मंदिर पर भी भारत विरोधी नारे लिखने की घटना हुई थी। जिसे लेकर हिंदू समुदाय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। इससे पहले सितंबर 2022 में कनाडा के स्वामीनारायण मंदिर को भी विरूपित करने और भारत विरोधी नारे लिखने की घटना हुई थी। जुलाई 2022 में ग्रेटर टोरंटो इलाके में रिचमंड हिल के हिंदू मंदिर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ दिया गया था।

## फिजी में 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का शुभारंभ

**फिजी।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फिजी के राष्ट्रपति विलियम काटोनिवेरे के साथ 12वें विश्व हिंदी सम्मलेन का डाक टिकट जारी करते हुए आधा दर्जन पुस्तकों का विमोचन किया। विदेश मंत्री ने कहा कि 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन नांदी (फिजी) में करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने इसके लिए फिजी की सरकार का आभार जताया।

इस मौके पर फिजी के राष्ट्रपति विलियम काटोनिवेरे ने कहा कि यह मंच भारत के साथ फिजी के ऐतिहासिक और विशेष संबंधों की स्थायी ताकत का जश्न मनाने का अनूठा अवसर है। जहां तक मनोरंजन की बात है तो फिजी के नागरिक भारत की फिल्में देखना पसंद करते हैं। भारत के विदेशमंत्री जयशंकर ने कहा कि वह युग पीछे छूट गया है जब प्रगति को पश्चिमीकरण के समान माना जाता था। औपनिवेशिक युग में दबाई गई



तमाम भाषाएं और परंपराएं आज वैश्विक मंच पर गूंज रही हैं। अब यह बेहद जरूरी है कि विश्व को सभी संस्कृतियों की जानकारी हो।

उन्होंने कहा कि हममें से कई लोग विदेशी परिवेश से जुड़े हुए हैं। हो सकता है वहां घर भी बसाएं। ऐसे में यह जरूरी है कि उन लोगों को अपनी पहचान और विरासत पर गर्व हो, वे उससे जुड़े रहें। मूल संस्कृति से जुड़े रहने के लिए अपनी भाषा में संवाद किया जाना सबसे ज्यादा कारगर होता है। जयशंकर ने कहा कि विश्व हिंदी सम्मेलन जैसे आयोजनों का मकसद हिंदी भाषा के विभिन्न पहलुओं, उसके वैश्विक उपयोग और प्रचार-प्रसार पर केंद्रित है। इस सम्मेलन के माध्यम से फिजी, प्रशांत क्षेत्र और गिरमिटियों के देशों में हिंदी की स्थिति, आईटी, सिनेमा और साहित्य के हिंदी पर प्रभाव आदि मुद्दों पर चर्चा होगी।

इस मौके पर भारत के विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा इस आयोजन का मकसद फिजी में हिंदी की प्रयोगशाला की स्थापना करना है। यह प्रयोगशाला भारत की तरफ से फिजी के हिंदी प्रेमियों के लिए उपहार है।

## न्यूजीलैंड में चक्रवात के बाद बाढ़ बनी मुसीबत, एक तिहाई आबादी प्रभावित

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में चक्रवात गेब्रियल भयावह स्थितियां उत्पन्न कर रहा है। चक्रवात के बाद अब बाढ़ न्यूजीलैंड के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। बाढ़ से न्यूजीलैंड की एक तिहाई आबादी प्रभावित हुई है और स्थितियां सामान्य नहीं हो पा रही हैं।

चक्रवात गेब्रियल ने न्यूजीलैंड के कई द्वीपों में तबाही मचाई है। बड़े पैमाने पर बाढ़ के साथ भूस्खलन हुआ है। समुद्री लहरें उमड़ने से समुद्र तट पर अफरातफरी है। भारी बारिश और तेज हवा के कारण हजारों घरों की बिजली गुल हो गई है। इस कारण विमान सेवाओं का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है और सैकड़ों उड़ानें रद कर दी गई हैं। तूफान के बाद न्यूजीलैंड सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा



कर दी है। चक्रवात के कारण आई बाढ़ अब देश की नयी मुसीबत बनकर उभरी है। बाढ़ से देश की एक तिहाई आबादी प्रभावित है और उनके लिए सामान्य जनजीवन भी अस्तव्यस्त हो गया है।

चक्रवात व बाढ़ के कारण सवा लाख से अधिक लोग बेघर होकर सड़कों पर आ गए हैं। दरअसल पेड़ गिरने से तमाम घर टूट गए हैं और भूस्खलन से कई घर बह गए हैं। देश भर में सड़कों अवरुद्ध हो जाने के कारण आवाजाही प्रभावित हो गई है। उत्तरी द्वीप के सुदूर उत्तर और पूर्वी तट पर रहने वालों को तूफान का सर्वाधिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। हॉक्स बे, कोरोमंडल और नॉर्थलैंड जैसे क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। हालात इस हद तक बदतर हो गए हैं कि हॉक्स बे के कुछ निवासियों को बचने के लिए बेडरूम की खिड़कियों से तैरकर बाहर आना पड़ा क्योंकि उनके घरों में पानी भर गया था। बाढ़ग्रस्त इलाकों की हवाई तस्वीरों में छतों पर फंसे लोग राहत के लिए इंतजार करते नजर आ रहे हैं।

## नेपाल में प्रचंड सरकार पर संकट के बादल

**काठमांडू।** नेपाल में पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की सरकार पर अनिश्चितता के बादल मंडराते दिख रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दोनों प्रमुख दल राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड की सीपीएन (एमसी) और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सीपीएन (यूएमएल) में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। राष्ट्रपति पद पर दोनों अपनी-अपनी पसंद का उम्मीदवार चाहते हैं। इस कारण दोनों दलों में दूरी बढ़ती ही जा रही है। सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने काठमांडू में अपनी पार्टी के छात्र संगठन के एक कार्यक्रम में इशारों-इशारों में कहा कि प्रचंड सरकार कुछ दिन की मेहमान है। यह गठबंधन



जैसे बना था, वैसे ही बिखर जाएगा। ओली ने कहा कि संसद में किसी के पास बहुमत नहीं है, हमारे पास भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंदर और बाहर कई ताकतें इस देश को बर्बाद करने का काम कर रही हैं। नेपाल में राष्ट्रपति चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, ओली और प्रचंड के रिश्तों में दूरी बढ़ती ही जा रही है। प्रचंड चाहते हैं कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार राष्ट्रीय सहमति के आधार पर तय किया जाए, जबकि ओली अपनी पार्टी से उम्मीदवार खड़ा करने का दबाव बना रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने सोमवार को कपिलवस्तु में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा था कि मौजूदा सरकार का कार्यकाल केवल राष्ट्रपति चुनाव तक ही है। सत्तारूढ़ गठबंधन से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पहले ही अलग हो चुकी है। मतभेद इतना बढ़ गया है कि सरकार का समर्थन करने वाले दो छोटे दलों- जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने सरकार की संचालन समिति की बैठक में भाग लेने से भी इनकार कर दिया है।

## पुर्तगाल में 4,815 बच्चों के यौन शोषण के आरोपित 100 से अधिक पादरी अब भी चर्च की भूमिका में सक्रिय

**लिस्बन।** पुर्तगाल में बाल यौन शोषण के कथित और संदिग्ध 100 से अधिक आरोपित पादरी चर्च की भूमिका में सक्रिय हैं। इस संगीन मामले की जानकारी जनवरी 2022 से जांच कर रहे एक आयोग के प्रमुख ने दी। आयोग का नेतृत्व बाल मनोचिकित्सक पेड्रो स्ट्रेच कर रहे हैं। पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि यह मामला पूरे समाज को चौंकाने वाला है।

इस संबंध में आयोग के हवाले से 13 फरवरी को छपी रिपोर्ट में कहा गया है कि पुर्तगाल में रोमन कैथोलिक चर्च के सदस्यों ने कम से कम 4,815 बच्चों का यौन शोषण किया है। आरोपित ज्यादातर पादरियों की



उम्र 70 वर्ष से अधिक है। आयोग ने आरोपितों की संख्या को टिप ऑफ द आइसबर्ग करार दिया है।

स्ट्रेच का कहना है कि पेड्रो स्ट्रेच ने कहा है कि ऐसे पादरियों की सूची चर्च और लोक अभियोजक कार्यालय को भेजी जाएगी।

आरोपितों को चर्च में उनकी भूमिका से हटाने के साथ जांच के दौरान उनके इन बच्चों और किशोरों से बातचीत करने पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। इस मामले में चर्च का सहयोग करना नैतिक कर्तव्य है। विशप कॉन्फ्रेंस के प्रमुख जोस ओरनेलस ने कहा कि अभी सूची नहीं मिली है। इसलिए चर्च अपने सदस्यों के बीच संदिग्धों की खोज का प्रयास नहीं करेगा। ओरनेलस ने कहा कि पुर्तगाली विशप 3 मार्च को मिलेंगे और भविष्य में ऐसी घटना को रोकने के लिए 'अधिक कुशल और उपयुक्त तंत्र' को लागू करने पर विचार करेंगे।

## नहाती हुई 10 हजार महिलाओं की तस्वीर लेने के आरोप में 17 गिरफ्तार

**टोक्यो।** जापान की पुलिस ने 30 से अधिक वर्षों से देश भर में गर्म झरनों में स्नान कर रही कम से कम 10,000 महिलाओं को फिल्माने के आरोप में 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। ताक-झांक करने वाले गिरोह के पीछे कथित मास्टरमाइंड करिन सैटो को दिसंबर 2021 में गिरफ्तार किया गया था और उसने इस कृत्य में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में मदद की थी। असाही शिंबुन अखबार ने कहा कि शिज़ुओका प्रांत में पुलिस ने 16 पुरुषों को गिरफ्तार किया, जब सैटो ने एक दर्जन से अधिक पुरुषों की पहचान का खुलासा किया।

## तुर्किये, सीरिया में भूकंप से अब तक 41,232 लोगों की मौत

**अंकारा/दमिश्क।** तुर्किये और सीरिया में छह फरवरी को आए शक्तिशाली भूकंप से भारी तबाही हुई है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 41,232 हो गया है। तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने कहा है कि देश में भूकंप से मरने वालों की संख्या 35,418 हो गई है। इसके अलावा सीरिया में भूकंप से करोड़ से ज्यादा लोग पहले ही प्रभावित इलाकों को छोड़ चुके हैं



और सैकड़ों इमारतें खंडहर में तब्दील हो गई हैं। एर्दोगन ने अंकारा में टीवी भाषण में कहा- 'तुर्किये मानवता के इतिहास में सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक का सामना कर रहा है।'

तुर्किये में राहत और बचाव कार्य में जुटीं भारतीय सेना की मेजर बीना तिवारी ने कहा कि तुर्किये और सीरिया में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। यह टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन से लेकर इलाज मुहैया करा रही हैं। सेना के सी-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए तुर्किये और सीरिया में मोबाइल अस्पताल, दवाइयां और राहत सामग्री से भरी पांच फ्लाइट पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा एक सी-130 जे विमान से भी राहत सामग्री पहुंच चुकी है।

उल्लेखनीय है कि तुर्किये में भूकंप का पहला झटका 06 फरवरी की सुबह 4:17 बजे महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.8 मैग्नीट्यूड थी। भूकंप का केंद्र दक्षिणी तुर्की का गाजियांटेप था। इससे पहले की लोग इससे संभल पाते कुछ देरबाद ही भूकंप का एक और झटका आया।

रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 मैग्नीट्यूड थी। भूकंप के झटकों का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। इसके बाद 6.5 तीव्रता का एक और झटका लगा। इससे तुर्किये के 11 प्रांतों में भारी तबाही हुई है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा, एशिया की अशांति व आतंक का केंद्र बना रहेगा अफगानिस्तान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ का दावा है कि अफगानिस्तान न सिर्फ एशिया की अशांति की बड़ी वजह है, बल्कि वह आतंकवाद का केंद्र भी बना रहेगा। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में इसके पीछे अफगानिस्तान की तालिबानी सत्ता को बड़ी वजह करार दिया गया है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सेक्शन्स मॉनीटरिंग टीम की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक और लेवैंट-खुरासान, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्टर्न तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, तुर्किस्तान इस्लामिक पार्टी, इस्लामिक मूवमेंट ऑफ उज्बेकिस्तान, इस्लामिक जिहाद ग्रुप, खतिबा इमाम अल बुखारी, खतिबा अल तौहीद वल-जिहाद, जमात अंसारुल्लाह और अन्य कई आतंकी संगठनों की अफगानिस्तान से ही शुरुआत हुई।




ये आतंकी संगठन एशिया में अशांति की वजह हैं। इन आतंकी संगठनों को अफगानिस्तान में आज भी पूरी आजादी मिली हुई है। इसी कारण अफगानिस्तान को एशिया में अशांति की बड़ी वजह करार दिया गया है। तालिबान शासन में अफगानिस्तान में लचर सुरक्षा व्यवस्था का दावा करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान को अफगानिस्तान में आईएस-खुरासान से कड़ी चुनौती मिल रही है। खुरासान अफगानिस्तान के लोगों को यह अहसास कराना चाहता है कि तालिबान उन्हें सुरक्षा देने में नाकाम हो रहा है और इसीलिए यह संगठन लगातार अफगानिस्तान में आतंकी हमले कर रहा है। आईएस-खुरासान अन्य देशों के साथ तालिबान के रिश्तों को भी कमजोर करना चाहता है। बीते दिनों कई दूतावासों पर हुए हमलों में भी खुरासान गुट का नाम सामने आया था।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खुरासान गुट चीन, पाकिस्तान और भारत में भी आतंकी हमले करने की तैयारी कर रहा है। आईएस-खुरासान में आतंकियों की संख्या करीब छह हजार बताई जा रही है और यह अफगानिस्तान के कुनार, नांगरहर और नूरीस्तान जैसे प्रांतों में सक्रिय है।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल कायदा की ताकत में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। अल जवाहिरी की मौत के बाद भी अल कायदा अफगानिस्तान में अपनी जगह बनाए हुए है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता कब्जाने के बाद तहरीक ए तालिबान की भी ताकत में इजाफा हुआ है। जिसके बाद से यह आतंकी संगठन पाकिस्तान में कई बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दे चुका है।

## नैनीताल बैंक ने शुरू की 'बैंकिंग ऑन व्हीलस' की नई पहल

**नैनीताल।** राज्य के अपने इकलौते वाणिज्यिक बैंक-नैनीताल बैंक ने बुधवार को ह्यबैंकिंग ऑन व्हील्सह्ण नाम की नई सेवा का शुभारंभ किया। हल्द्वानी के महापौर डा. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने पहले ह्यबैंकिंग ऑन व्हील्सह्ण नाम के बैंकिंग सुविधाओं युक्त वाहन को हरी झंडी दिखाई। डॉ. रौतेला ने बैंक के इस प्रयास की सराहना भी की। बताया गया ह्यबैंकिंग ऑन व्हील्सह्ण की यह पहल बैंक रहित स्थानों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए एक पायलट परियोजना का एक हिस्सा है।

इसका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बचत खाता, चालू खाता और ऋण से संबंधित बैंकिंग की आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना है। यह वाहन शुरूआती चरण में हल्द्वानी में संचालित होगा। इसके माध्यम से प्रत्येक स्थान पर एक निर्दिष्ट अवधि के लिए संचालित किया जायेगा। भविष्य में बैंक की योजना ह्यबैंकिंग ऑन व्हील्सह्ण के माध्यम से नैनीताल एवं इसके आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि कोई भी क्षेत्र बैंकिंग सुविधाओं से वंचित ना रहें और देश का हर एक नागरिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर नैनीताल बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश चंद्र रुवाली, संजय गुप्ता, सनी मेहरा, रुचि पंत व अनुज जोशी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।